
देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 17 अंकः 214 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

# पेज श्री

देहरादून, बुधवार, 30 नवंबर 2022

**विचार-प्रवाह...**
मुलाकात की अहमियत





मौसम — अधिकतम 23.0° न्यूनतम 13.0°

62709.59

2 ऋषि सुनक का चीन पर बड़ा बयान

7 रोनाल्डो को मिला बंपर ऑफर

# सदन में पेश हुआ महिलाओं को आरक्षण का विधेयक

## सीएम धामी और वित्त मंत्री ने 5440.43 करोड़ का अनुपूरक बजट किया पेश

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र मंगलवार से शुरू हो गया है। पांच दिसंबर तक चलने वाले सत्र में कानून व्यवस्था से जुड़े अंकिता हत्याकांड और केदार भंडारी प्रकरण के अलावा उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूकेएसएसएससी) परीक्षा घोटाले पर हंगामा होने के आसार हैं। इस दौरान प्रदेश में सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 30 फीसदी क्षैतिज आरक्षण को लेकर उत्तराखंड लोक सेवा (महिलाओं के क्षैतिज आरक्षण) विधेयक 2022 सदन में पेश किया गया। वहीं, 5440.43 करोड़ का अनुपूरक बजट भी सीएम धामी और वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने पेश किया।

इस दौरान विधायक सुमित हृदयेश और विधायक मयूख महर के दो प्रश्नों को स्थगित करने को लेकर विपक्ष नाजार दिखा। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने विस अध्यक्ष से उनके प्रश्नों को भी जोड़ने की मांग की। उन्होंने कहा कि इन प्रश्नों को केंद्रीय विषय होने के आधार पर निरस्त किया गया है। इस पर नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सड़क और परिवहन केंद्रीय सूची के विषय नहीं बल्कि समवर्ती सूची का विषय है। यानी सड़क के मामले में केंद्र और सरकार की जिम्मेदारी होती है। राज्य में इन सड़कों में से अधिकांश की निर्माण और रख–रखाव हमारे विभागों से किया जा रहा है, इसलिए इसे केंद्रीय विषय नहीं कहा जा सकता है।

वहीं, झबरेडा विधायक नरेंद्र जाति ने इकबालपुर नहर परियोजना का मामला उठाया। वहीं, विक्रम सिंह नेगी ने टिहरी झील में फैली गंदगी को हटाने पर सवाल किया। कांग्रेस विधायक प्रीतम सिंह ने विशेषाधिकार हनन का मुद्दा उठाया। संसदीय कार्य मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा हम चाहते हैं सभी सदस्यों का मान सम्मान बना रहना चाहिए। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा हम पूरी तरह से परीक्षण कराएंगे, उसके बाद ही निर्णय लेंगे। विधायक संजय डोभाल ने वन प्रभागों में दैनिक मजदूरी करने वाले मजदूरों का मामला उठाया।

कांग्रेस विधायक अनुपमा रावत राजाजी रिजर्व पार्क में गुजरों के पशुओं को चुगान और लोपिंग के परमिट का मामला उठाया। हल्द्वानी विधायक सुमित हृदेश ने नैनीताल जिले में टूटी सड़कों और क्षतिग्रस्त पुलों का मामला उठाया।



### प्रश्नकाल में मंत्री ने अपनी ही सरकार को घेरा

सत्र के पहले दिन प्रश्नकाल में विपक्ष के विधायकों ने क्षेत्र की समस्याओं को लेकर सवाल पूछे। विपक्ष की ओर से प्रदेश में कानून व्यवस्था को लेकर नियम 310 में उठाए गए कार्य स्थगन प्रस्ताव पर नियम 58 में चर्चा की जाएगी। सदन के भीतर फिर भाजपा के मंत्री ने अपनी ही सरकार को परेशानी में डाल दिया। विकासनगर से बीजेपी विधायक मुन्ना सिंह चौहान ने वन गुजर को लेकर प्रश्न पूछा जिस पर वन मंत्री सुबोध उनियाल संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए।

### सदन की गरिमा, शब्दों और आचरण का रखें ध्यानः खंडूड़ी

विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने सभी दलों के विधायकों से सदन की गरिमा बनाने के लिए शब्दों और आचरण का ध्यान रखने की अपील की। साथ ही शांतिपूर्ण माहौल में जनहित के मुद्दों पर स्वस्थ चर्चा कर सरकार तक अपनी बात पहुंचाने का आग्रह किया। विधानसभा अध्यक्ष ने 228 कर्मियों को बर्खास्त करने के बाद स्टाफ की कमी के सवाल पर कहा कि वर्तमान में विधानसभा सचिवालय में 182 कर्मचारी तैनात हैं। सदन चलाने के लिए अनुभवी टीम है। जिन्हें 2000 से सदन चलाने का अनुभव है। मुझे अपने स्टाफ पर पूरा विश्वास है कि शीतकालीन सत्र भी अच्छे ढंग से चलेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### टाटा एयर इंडिया में होगा विस्तारा का विलय

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। सिंगापुर एयरलाइन्स ने मंगलवार को कहा कि विस्तारा का टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया में विलय किया जाएगा। टाटा समूह की विस्तारा में 51 प्रतिशत हिस्सेदारी है और शेष 49 प्रतिशत हिस्सेदारी सिंगापुर एयरलाइन्स के पास है। लेनदेन के हिस्से के रूप में सिंगापुर एयरलाइन्स एयर इंडिया में 2,058.5 करोड़ रुपये का निवेश भी करेगी।

### गुजरात चुनाव के पहले चरण के लिए प्रचार थमा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

अहमदाबाद। गुजरात विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए एक दिसंबर को होने वाले चुनाव के लिए प्रचार मंगलवार शाम पांच बजे थम गया। दक्षिण गुजरात के 19 जिलों और कच्छ–सौराष्ट्र क्षेत्रों की 89 सीटों के लिए 788 उम्मीदवार मैदान में हैं, जहां गुरुवार को मतदान होगा। भाजपा और कांग्रेस के अलावा इस बार अरविंद केजरीवाल की पार्टी भी तीसरे खिलाड़ी के तौर पर है।

# सुरक्षाबलों ने सभी चुनौतियों का दिया मुंहतोड़ जवाब

## आर्म्ड फोर्सेज फ्लैग डे सीएसआर कॉन्क्लेव में बोले राजनाथ सिंह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सशस्त्र सेना झंडा दिवस कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व कॉन्क्लेव के चौथे संस्करण में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। रक्षा मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी। आर्म्ड फोर्सेज फ्लैग डे CSR कॉन्क्लेव में राजनाथ सिंह ने देश की सेनाओं के शौर्य, पराक्रम और बलिदान को नमन किया।

राजनाथ ने कहा कि, आज हमारा देश जिस गति से आगे बढ़ रहा है उसमें देश की सेना का मुख्य योगदान है। आज यह कार्यक्रम उन वीरों को समर्पित है जिनके त्याग और बलिदान की वजह से हमारा देश पूरी तरह से सुरक्षित है। राजनाथ ने आगे कहा कि हमारी आर्म्ड फोर्सेज ने बड़ी मुस्तैदी के साथ सभी चुनौतियों का मुंहतोड़ जवाब दिया है और इस दौरान हमारे बहुत सारे वीरों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है इसलिए हमारा पूरा दायित्व बनता है कि हम उनके परिजनों की पूरी मदद करें।

आर्म्ड फोर्सेज फ्लैग डे कार्यक्रम में राजनाथ सिंह ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद भारत को सुरक्षित रखने में देश के जवानों ने जिन परिस्थितियों का सामना किया उनका वर्णन करना मुश्किल है। चाहे वह भारत की अखंडता हो, संप्रभुता हो, सभी युद्धों को जीतने के बारे में हो या सीमा पार आतंकवादी गतिविधियों का सामना करना हो, सशस्त्र बलों ने चुनौतियों का मुंहतोड़ जवाब दिया है।

राजनाथ ने कहा कि देश के कई बहादुरों ने सर्वोच्च बलिदान दिया और कई सैनिक शारीरिक रूप से अक्षम हो गए। उनमें से कई अपने परिवार में कमाने वाले अकेले होते हैं। परिवार के मुखिया की मृत्यु या उनकी शारीरिक अक्षमता के मामले में परिवारों की स्थिति की कल्पना करना बहुत मुश्किल है।

# दुनिया में हर चीज को बनाया जा रहा है हथियार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में ग्लोबल टेक्नोलॉजी समिट 2022 आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मेलन में मंगलवार को भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर शामिल हुए। उन्होंने कहा कि भारत का विकास इंडियन टेक्नोलॉजी के डेवलपमेंट की गहराई से जुड़ा हुआ है। साथ ही कहा कि टेक्नोलॉजी आज भू–राजनीति के केंद्र में है। टेलीकॉम की डोमेन में भारत को विश्वसनीय की अवधारणा से देखा जाता है। मुझे लगता है कि हम आने वाले दिनों में डिजिटल पक्ष पर भी भारत की विश्वसनीय के बारे में सुनेंगे। उन्होंने कहा कि यदि हम भारत की भू–राजनीतिक स्थिति को देखते हैं, तो यह राजनीति, ऊर्जा, अर्थशास्त्र का शुद्ध मूल्यांकन होना चाहिए।

ग्लोबल टेक्नोलॉजी समिट में विदेश मंत्री ने कहा कि हमारा डेटा कहां जा रहा है यह अब व्यवसाय और अर्थशास्त्र का नहीं बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा का विषय है। इस दुनिया में हर चीज को हथियार बनाया जा रहा है। मुझे अपना दृष्टिकोण बदलना होगा कि मुझे अपने हितों की रक्षा कहां करनी चाहिए। ग्लोबल टेक्नोलॉजी समिट में 50 से अधिक पैनल चर्चा, मुख्य भाषण, पुस्तक विमोचन और अन्य कार्यक्रमों में 100 से अधिक वक्ता भाग ले रहे है।

### समिट

- ग्लोबल टेक्नोलॉजी समिट 2022 शामिल हुए विदेश मंत्री

**IPEF और क्वाड की बहुत सारी द्विपक्षीय चर्चाएं**

विदेश मंत्री ने कहा, हमने इंडो पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क पर जुड़ाव शुरू कर दिया है। अमेरिका इस पर आगे रहा है। इसमें बड़ी तकनीक और आपूर्ति श्रृंखला तत्व हैं। आपके पास विभिन्न साझेदारों के साथ IPEF और क्वाड की बहुत सारी द्विपक्षीय चर्चाएं हैं और बड़ी बहसें हमारे अपने देश में चल रही हैं।

**Are you Planning to make a Website or already have ?**
*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# तुम्हें शर्म आनी चाहिए, माफी मांगो लैपिड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत में तैनात इजरायल के राजदूत ने कश्मीर फाइल पर की गई अपमानजनक टिप्पणी पर इजरायल के ही फिल्ममेकर लैपिड को जमकर खरी–खोटी सुनाई है। उन्होंने लैपिड से तुरंत अपने बयान पर माफी मांगने को कहा है, जो उन्होंने इस फिल्म को लेकर दिया था।

### इजरायली फिल्म मेकर के दिए बयान पर गुस्साए राजदूत

बता दें कि लैपिड गोवा में इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल आफ इंडिया में ज्यूरी हेड थे। गोवा के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल आफ इंडिया के आखिरी दिन उन्होंने इस फिल्म को एक प्रोपेगेंडा और वलगर बताया था। गिलोन ने कहा है कि अपने इस कृत्य के लिए उन्हें देशवासियों से माफी मांगनी चाहिए। इस बाबत गिलोन ने एक खुला पत्र भी लिखा है। राजदूत ने इस बाबत कई ट्वीट भी किए हैं। अपने एक ट्वीट में गिलोन ने कहा है, मैंने पहले ही कहा है कि उन्हें अपने बयान पर शर्म आनी चाहिए। उन्होंने लिखा है, भारत और इजरायल के बीच संबंध बेहद मजबूत हैं। यदि इनको नुकसान पहुंचता है तो इसका खामियाजा भी उन्हें उठाना पड़ेगा।

# ऋषि सुनक का बड़ा ऐलान भारत से करेंगे एफटीए

प्रहार

## ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक का चीन पर बड़ा बयान

चीन ने ब्रिटेन के हितों के लिए व्यवस्थित चुनौती पेश की





**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लंदन। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने चीनी ड्रैगन पर बड़ा प्रहार किया है। सुनक ने कहा कि ब्रिटेन और चीन के बीच रिश्तों का स्वर्ण काल अब खत्म हो गया है। उन्होंने कहा कि चीन ने ब्रिटेन के मूल्यों और हितों के लिए व्यवस्थित चुनौती पेश कर दी है। सुनक सरकार ने शंघाई में विरोध प्रदर्शन कर रहे बीबीसी पत्रकार को पीटे जाने की निंदा की। ब्रिटेन के पीएम ने कहा कि हम हिंद– प्रशांत क्षेत्र के साथ अपने रिश्तों को मजबूत करेंगे और भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते को अंजाम देंगे।

सुनक ने कहा कि ब्रिटेन और चीन के बीच रिश्तों का स्वर्णिम काल खत्म हो गया है और इसके साथ यह विचार भी खत्म हो गया है कि व्यापार से अपने आप ही सामाजिक और राजनीतिक सुधार होंगे। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन को चीन के प्रति अपने दृष्टिकोण विकसित करना होगा। सुनक ने बताया कि चीन अपने सभी सरकारी ताकत का इस्तेमाल दुनिया में प्रभाव बढ़ाने के लिए कर रहा है। सुनक ने कहा कि उनकी सरकार हिंद–प्रशांत क्षेत्र के सहयोगियों के साथ अपने व्यापार और सुरक्षा संबंधों को मजबूत करने पर प्राथमिकता देगी।

**सुनक अपनी ही पार्टी के निशाने पर:** ब्रिटिश पीएम ने कहा कि हिंद–प्रशांत क्षेत्र में अर्थव्यवस्था और सुरक्षा को अलग–अलग नहीं किया जा सकता है। इससे पहले सुनक अपनी ही पार्टी के विरोधियों के निशाने पर आ गए थे जो आरोप लगा रहे थे कि सुनक अपनी पूर्ववर्ती लिज ट्रस के मुकाबले कम कठोर रवैया रख रही हैं। इससे पहले लिज ट्रस के खिलाफ अपनी दावेदारी के दौरान ने ऋषि सुनक ने वादा किया था कि अगर वह जीतते हैं तो चीन के खिलाफ सख्त रवैया अपनाएंगे। उन्होंने चीन को घरेलू और वैश्विक सुरक्षा के लिए खतरा नंबर 1 बताया था।

इससे पहले जी–20 शिखर सम्मेलन के दौरान सुनक और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच बैठक होनी थी लेकिन वह हो नहीं पाई थी। ब्रिटेन ने चीन में बने सुरक्षा कैमरों को संवेदनशील सरकारी इमारतों में लगाने पर भी प्रतिबंध लगा दिया है। इस बीच सुनक ने भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते को लेकर ब्रिटेन की प्रतिबद्धता को दोहराया है। भारतीय मूल के नेता ऋषि सुनक ने प्रधानमंत्री पद का कार्यभार संभालने के बाद पहली बार विदेश नीति के संबंध में पहली बार भाषण दिया है।

## न्यूज डायरी



### कोरोना का अगला वेरिएंट होगा बहुत घातक, डॉक्टरों ने दी चेतावनी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** प्रिटोरिया। कोरोना वायरस के कहर से चीन बेहाल है और देशभर में जनता सड़कों पर हिंसात्मक प्रदर्शन कर रही है। चीन के विभिन्न इलाकों में कोरोना का ओमिक्रोन वेरिएंट तबाही मचाए हुए है। इस बीच एक ताजा शोध में चेतावनी दी गई है कि दुनिया में कोविड–19 वायरस का नया वेरिएंट बहुत ज्यादा घातक होगा। अभी फिलहाल दुनिया में कोरोना हल्का वेरिएंट प्रमुखता से फैला हुआ है। बहुत तेजी से फैलने वाला ओमिक्रोन वेरिएंट को फैले 1 साल हो गए हैं और इसके कई कई रूप दुनिया के लगभग हर देश में पैदा हो चुके हैं। ओमिक्रोन के नए रूप का प्रभाव हल्का है लेकिन कई शोधकर्ताओं का मानना था कि यह एक तरह से कोरोना का अंत है, जैसाकि कई अन्य वायरस के साथ हुआ है। यह म्यूटेशन से हल्का हो गया है जिससे यह ज्यादा तेजी से फैल सके। इस बीच दक्षिण अफ्रीका के शोधकर्ताओं ने कहा है कि इस वायरस में अभी भी क्षमता है कि यह बहुत ज्यादा घातक हो सकता है।

### दुनिया का सबसे बड़ा एक्टिव ज्वालामुखी फटा, अमेरिका में बह रही आग की नदिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। दुनिया का सबसे बड़ा एक्टिव ज्वालामुखी हवाई का मौना लोआ है। मौना लोआ ज्वालामुखी फट गया है। इस ज्वालामुखी के फटने के साथ ही आसमान लाल हो गया। यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे के एक बयान के मुताबिक मौना लोआ के शिखर से विस्फोट रविवार रात लगभग 11.30 बजे शुरू हुआ। ज्वामुखी के शिखर पर ही अभी लावा निकल रहा है। अभी इससे स्थानीय लोगों को कोई खतरा नहीं है। लगभग 4 दशकों में पहली बार यह ज्वालामुखी फटा है। हवाएं ज्वालामुखी की राख और गैस को कहीं और ले जा सकती हैं। बयान में आगे कहा गया, पिछली घटनाओं के आधार पर मौना लोआ विस्फोट के शुरुआती चरण बहुत गतिशील हो सकते हैं। लावा के बहने की जगह और स्पीड तेजी से बदल सकती है। अगर विस्फोट हल्का रहता है तो लावा भी ऊपर ही रह जाएगा। लेकिन अगर विस्फोट बढ़ा तो हम देखेंगे कि लावा दीवारों के बाहर निकलेगा और तेजी से नीचे की ओर बढ़ेगा।

### सादे कागज लहरा कर जिनपिंग की सरकार के खिलाफ हो रहा प्रदर्शन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। चीन में विरोध प्रदर्शनों के दौरान कागज के खाली पन्ने एक प्रतिष्ठित वस्तु बन गए हैं, जिसे कई लोग 'श्वेत पत्र क्रांति', 'कोरी चादर क्रांति' या 'ए4 क्रांति' कहते हैं। देशभर में विभिन्न प्रदर्शनों के दौरान लोगों को कागज की एक कोरी चादर पकड़े देखा गया। कुछ का कहना है कि यह सेंसरशिप से बचने का एक तरीका है। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, एक वायरल वीडियो शनिवार का बताया जा रहा है, जिसमें नानजिंग के कम्युनिकेशन यूनिवर्सिटी में एक महिला कोरे कागज के एक लंबे टुकड़े का एक छोर पकड़े हुई है और दूसरे छोर को एक अज्ञात व्यक्ति पकड़े हुआ है। उस रात बाद के एक अन्य वीडियो में कैंपस में दर्जनों और छात्रों को श्वेत पत्र के टुकड़ों को पकड़े हुए देखा गया, जो मौन खड़े थे। सप्ताहांत में अन्य प्रमुख शहरों में भी इसी तरह के दृश्य देखे गए। प्रदर्शन में भाग लेने वाली एक महिला ने बीबीसी को बताया, ''निश्चित रूप से कागज पर कुछ भी नहीं लिखा था, लेकिन हम जानते हैं कि यह किस चीज का प्रतीक है।''

### पाकिस्तान में हर जगह हमला करने का आदेश, मुनीर को खुली धमकी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान में जनरल बाजवा के जाते ही तालिबान ने सीजफायर को खत्म करने का ऐलान किया है। तहरीक–ए–तालिबान पाकिस्तान ने सरकार के साथ जून में किए गए संघर्ष विराम को वापस लेने का फैसला किया है। इसके साथ ही टीटीपी ने अपने लोगों से पूरे पाकिस्तान में हमला करने का आदेश दिया है। पाकिस्तानी मीडिया डॉन के मुताबिक टीटीपी ने अपने लड़ाकों को एक बयान जारी करते हुए कहा, चूंकि विभिन्न क्षेत्रों में मुजाहिदीन के खिलाफ सेना अभियान चला रही है, इसलिए आपके लिए यह जरूरी है कि देश भर में जहां कहीं भी हो सके हमला करें।

## नेपाल में पीएम शेर बहादुर देउबा की पार्टी को बढ़त

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काठमांडू। नेपाली कांग्रेस के नेतृत्व वाले पांच दलों के सत्तारूढ़ गठबंधन के शीर्ष नेताओं ने सोमवार को नयी सरकार बनाने और सत्ता साझेदारी के विषय पर बातचीत के लिए कई दौर की बैठकें कीं। नेपाल में 20 नवंबर को हुए आम चुनाव के परिणाम जल्द ही घोषित हो सकते हैं। प्रतिनिधि सभा और सात प्रांतीय विधानसभाओं के चुनाव में मतगणना 21 नवंबर को शुरु हुई थी और इस सप्ताह इसके पूरी होने की संभावना है। अभी तक 158 सीटों के परिणाम घोषित किये जा चुके हैं।

गठबंधन स्पष्ट बहुमत की ओर बढ़ रहा है और नयी सरकार बना सकता है। मतगणना लगभग पूरी हो गयी है और सात सीटों के परिणाम अभी घोषित नहीं किये गये हैं। किसी भी दल को सरकार बनाने के लिए 275 सदस्यीय सदन में 138 सीटों की जरूरत है। नेपाली कांग्रेस, सीपीएन–माओवादी सेंटर, सीपीएन–यूनिफाइड सोशलिस्ट, लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी, साथ ही राष्ट्रीय जनमोर्चा सहित पांच दलों के गठबंधन के पास सीधे चुनाव के तहत एचओआर में 85 सीटें है, जिसके बाद विपक्षी सीपीएन–यूएमएल गठबंधन के पास 56 सीट हैं। तीन सीटों पर चुनाव स्थगित हो गये हैं और शुक्रवार को इन पर मतदान होगा।



### चीन में अब लग रहे आजादी के नारे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। चीन में लंबे समय से लोग कड़े लॉकडाउन और सख्त जीरो कोविड पॉलिसी का विरोध कर रहे थे। लेकिन अब यह नाराजगी सड़कों पर देखी जा सकती है। दशकों में पहली बार चीन में इतने बड़े पैमाने पर लोग सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। हजारों लोग यूनिवर्सिटी और प्रमुख शहरों की सड़कों पर उतरकर नारे लगा रहे हैं। लेकिन अब ये प्रदर्शन सिर्फ जबरन कोविड टेस्ट या लॉकडाउन विरोध तक सीमित नहीं हैं बल्कि कड़ी सेंसरशिप और कम्युनिस्ट पार्टी की तानाशाही के खिलाफ भी आवाजें उठने लगी हैं। सीएनएन की खबर के अनुसार, पूरे चीन में चल रहे विरोध प्रदर्शन की कमान प्रमुख रूप से युवाओं ने थाम रखी है। कोरोना प्रतिबंधों के विरोध में शुरू हुए प्रदर्शन से अब आजादी–आजादी के नारे सुनाई दे रहे हैं।

## जनरल असीम मुनीर बने पाकिस्तान के 17वें सेना प्रमुख

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

विदा होते ही पीटीआई ने बोला हमला

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में नए सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने अपना पदभार संभाल लिया है। जनरल कमर जावेद बाजवा ने मंगलवार को अपने उत्तराधिकारी असीम मुनीर को बैटन ऑफ कमांड सौंप दी। कमांड बदलने के साथ मुनीर पाकिस्तान के 17वें सेना प्रमुख बन गए हैं। रावलपिंडी में जनरल हेडक्वार्टर में आयोजित एक समारोह में नए सेना प्रमुख को कमांड सौंपी गई। समारोह में चीफ गेस्ट जनरल बाजवा को सेना प्रमुख के रूप में आखिरी बार गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। बाजवा के रिटायर होते ही इमरान खान की पार्टी उन पर हमलावर हो गई है।

पाकिस्तानी न्यूज वेबसाइट जियो टीवी के अनुसार, समारोह को संबोधित करते हुए बाजवा ने अपने उत्तराधिकारी असीम मुनीर को बधाई दी। उन्होंने कहा, मुझे पूरा विश्वास है कि उनके नेतृत्व में सेना नई ऊंचाइयों पर पहुंचेगी और उनकी नियुक्ति देश के लिए सकारात्मक साबित होगी। उन्होंने कहा कि वह यह जानकर खुश थे कि वह जनरल मुनीर जैसे अधिकारी के हाथ में सेना सौंप कर रिटायर हो रहे हैं। समारोह में पूर्व सैन्य नेतृत्व भी मौजूद था। पिछले हफ्ते हुई थी नियुक्ति तमाम अटकलों के बीच 24 नवंबर को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने नए सेना प्रमुख के रूप में असीम मुनीर के नाम पर मोहर लगा दी थी। कुछ देर के लिए ये अफवाहें भी सामने आईं कि राष्ट्रपति आरिफ अल्वी मुनीर की नियुक्ति में अड़ंगा लगा सकते हैं। अल्वी इमरान खान के करीबी हैं जो असीम मुनीर की नियुक्ति पर इमरान के साथ चर्चा के लिए लाहौर गए थे। लेकिन कुछ घंटे बाद ही उन्होंने मुनीर के नाम को अंतिम मंजूरी दे दी। बाजवा के सेना प्रमुख का पद छोड़ते ही इमरान की पार्टी पीटीआई खुलकर उनके खिलाफ सामने आ गई है।

### आईएसआई के पूर्व प्रमुख जनरल फैज हामिद होंगे रिटायर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान के नए सेना प्रमुख की नियुक्ति के बाद आईएसआई के पूर्व प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल फैज हामिद ने जल्द ही सेवानिवृत्त लेने का फैसला किया है। आईएसआई के पूर्व प्रमुख और पाकिस्तान के शीर्ष सैन्य अधिकारियों में से एक लेफ्टिनेंट जनरल फैज हामिद ने मंगलवार को यह घोषणा की। पाकिस्तान की मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक सेना प्रमुख के रूप में नियुक्त नहीं होने के बाद उन्होंने जल्दी सेवानिवृत्ति लेने का विकल्प चुना है। जनरल हामिद सेना प्रमुख के पद के लिए जनरल हेडक्वार्टर द्वारा चुने गए छह वरिष्ठतम जनरलों में से एक थे। यह सूची पिछले हफ्ते प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के पास मंजूरी के लिए भेजी गई थी। पाकिस्तान के डॉन न्यूज टीवी ने बताया कि बहावलपुर कॉर्प्स कमांडर लेफ्टिनेंट–जनरल हामिद ने देश के सेना प्रमुख के रूप में नहीं चुने जाने के बाद जल्दी सेवानिवृत्ति लेने का फैसला किया है।


**Page Three**

**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# भारत को विश्व गुरु बनने से कोई नहीं रोक सकता

**सम्मान समारोह**

## रुद्रपुर मेडिकल कॉलेज के प्रतिभा सम्मान में पहुंचे राज्यपाल

**संवाददाता**

रुद्रपुर। राज्यपाल रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने कहा कि देश सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रहा है। जिस तरह से देश में कार्य योजनाएं बन रही है ऐसे में भारत को विश्व गुरु बनने से कोई नहीं रोक सकता है। संकल्प के साथ देश व समाज हित को ध्यान में रखकर कार्य करना होगा। हमे अपनी धरोहर को नहीं भूलना नहीं चाहिए। पूर्वजों ने तराई में जंगल को काटकर उपजाऊ भूमि बनाया है। मेहनत में कोई कमी नहीं की। राज्यपाल गुरमीत सिंह ने मंगलवार को तराई के संस्थापक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व.पंडित रामसुमेर शुक्ल की 107 वीं जयंती पर राजकीय मेडिकल कालेज में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि पंत विवि की कृषि शोध




की पहचान दुनिया में है। हरित क्रांति विवि की देन है। विवि से उम्मीद है कि अगली क्रांति बीज, ऑर्गेनिक खेती में होगी। इसके लिए विवि के विज्ञानियों में काबिलियत है। राज्यपाल ने कहा कि केदार धाम से प्रधानमंत्री ने कहा था कि अगला दशक उत्तराखंड का होगा। यहां के लोगों में काबिलियत है।

दुनिया में तराई की पहचान है। यहां सिडकुल ने उद्योगों को जन्म दिया है। फसल उत्पादन भी जबरदस्त है। राज्यपाल ने कहा कि तराई बसाने में पंडित रामसुमेर शुक्ल की अहम भूमिका रही। सबसे पहले तराई को जिन 25 परिवारों ने बसाया है, इनके लोगों से मिलना चाहूंगा। जब दोबारा यहां आऊंगा तो इन सभी से मिलूंगा।

**विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं को किया सम्मानितः** उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वालों को सम्मानित किया। इनमें प्रगतिशील चौधरी सत्येंद्र सिंह, अपराध में कई केसों का पर्दाफाश करने वाले पुलभट्टा थानाध्यक्ष कमलेश भट्ट, कोरोना काल में मरीजों की सेवा करने पर जिला अस्पताल की एएनएम दीपा जोशी, गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी नानकमत्ता के अध्यक्ष व पूर्व आईएएस हरबंश सिंह चुघ, उद्यमी वीरेंद्र जिंदल, अंतरराष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी मनोज सरकार व सीएचसी किच्छा के सर्जन अश्वनी चौबे को स्मृति चिन्ह व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

**शिक्षा मंत्री ने प्रतिमा पर किया माल्यार्पणः** कार्यक्रम की अगुवाई करते हुए शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत ने कहा कि मेडिकल कालेज रुद्रपुर में जल्द एमबीबीएस की पढ़ाई शुरु होगी। इससे पहले राज्यपाल ने डीडी चौक और मेडिकल कालेज स्थित पंडित रामसुमेर शुक्ल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर रुद्रपुर मेयर रामपाल सिंह, किच्छा के पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, दिनेश शुक्ला,रुद्रपुर भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, राधेश शर्मा आदि मौजूद थे।

## न्यूज डायरी :

### छात्रों के नेशनल व राज्य स्तरीय खेलों में प्रतिभाग को लेकर शिक्षक उत्साहित

**संवाददाता** पुरोला। पुरोला के राजकीय अटल उत्कृष्ठ इंटर कॉलेज के एक छात्र का चयन नेशनल में प्रतिभाग के लिए व 6 छात्रों का चयन जनपद स्तरीय एथलेटिक्स क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में राज्य स्तर के लिए होने पर विद्यालय के खिलाड़ी छात्र–छात्राएं व शिक्षक बड़े उत्साहित हैं। गत सप्ताह जनपद के विभिन्न विकासखंडों में आयोजित जनपद स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में पुरोला अटल उत्कृष्ठ इंटर कॉलेज के 7 छात्रों का चयन कबड्डी,बॉलीबाल,चक्का फेंक,गोला व भाला फेंक के लिए हुवा वंही राज्य स्तर पर हल्द्वानी में आयोजित राज्य स्तरीय एथलीट में पुरोला इंटर कॉलेज के हर्षमोहन का चयन राष्ट्रीय स्तर के लिए हुवा है। प्रधानाचार्य चौहान ने यह खेल प्रभारी व शिक्षकों के संयुक्त प्रयास व छात्रों की मेहनत का फल है।

### हमला करने वाले तेंदुए को पकड़ने के लिए लगाया गया पिजरा

**संवाददाता** द्वाराहाट। अल्मोड़ा जिले के द्वाराहाट के मल्ली मिरई के तोक भौरा में तेंदुए ने मां बेटे सहित एक अन्य महिला पर हमला कर दिया था। तेंदुए के हमले में उन्हें गंभीर चोट आई थी। मामले में एहतियात बरतते हुए वन विभाग ने मौके पर पिंजरा लगा निगरानी बढ़ा दी है। कांबिंग तेज कर दी गई है। तेंदुए के हमल में घायल गोविंदी देवी और सुमित को अधिक चोट आने के कारण उन्हें सुशीला तिवारी हॉस्पिटल हल्द्वानी ले जाया गया था। जहां से उपचार के बाद मंगलवार को उन्हें छुट्टी दे दी गई है। जबकि सीएचसी द्वाराहाट में भर्ती पुष्पा देवी भी खतरे से बाहर हैं। मंगलवार को डिप्टी रेंजर मदन मोहन तिवारी के नेतृत्व में वन विभाग की टीम पिंजरा लेकर पहुंची और घटना स्थल पर रख दिया गया।

### पी एंड जी हेल्थ देश के 20 शहरों में शुरू करेगी ''ना ना एनीमिया बस यात्रा''

**संवाददाता** ऋषिकेश। आयरन डिफिशिएंसी डे 2022 मनाते हुए पी एंड जी हेल्थ ने फॉग्सी (द फेडरेशन ऑफ ऑब्सटेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया) के साथ मिलकर आयरन की कमी से होने वाले एनीमिया के विषय में जागरूकता बढ़ाने का प्रयास तेज कर दिया। इसके लिए 'ना ना एनीमिया बस यात्रा' शुरू की गई। प्रॉक्टर एंड गैंबल हेल्थ लिमिटेड के प्रबंध निदेशक मिलन थट्टे और फॉग्सी के अध्यक्ष डॉक्टर हृषीकेश पई द्वारा ऋषिकेश से आरंभ की गई 'ना ना एनीमिया बस यात्रा' 40 से ज्यादा दिनों में पांच राज्यों – उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश,बिहार झारखंड और पश्चिम बंगाल के 20 शहरों से होकर 4 जनवरी 2023 को कोलकाता में खत्म होगी।

## अनियंत्रित होकर सड़क से बाहर गिरा वाहन

**पति–पत्नी व बेटा घायल, महिला की हालत गंभीर**

**संवाददाता** पुरोला। पुरोला नौगांव मोटर मार्ग पर किमी आठ में मंगलवार को दोपहर बाद साढ़े तीन बजे चंदेली के पास एक स्विफ्ट गाड़ी के अनियंत्रित होकर सड़क से बाहर गिरनें से पति,पत्नी सहित तीन वर्षिय बालक गंभीर रूप से घायल हो गए,गाड़ी में परिवार के तीनों लोग सवार थे तथा पुरोला से थाती पूजन कार्यक्रम में नौगांव के बिगराडी गांव जा रहे थे।

तीनों घायलों को पुलिस और स्थानीय लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुरोला पहुंचाया जहां महिला समेत तीनों गंभीर हालत के चलते 108 से हायर सेंटर देहरादून रेफर किया गया। थानाध्यक्ष कोमल सिंह रावत ने बताया कि तीनों एक ही परिवार के हैं तथा थाती पूजन के लिए पुरोला मेहराणा गांव से नौगांव के बिगराड़ी जा रहे थे,गाड़ी में वीरपाल पुत्र कुंदन सिंह पत्नी बलवंती देवी एवं 3 वर्षीय पुत्र ओजस भी था। गाड़ी विरपाल सिंह चला रहा था। चिकित्सकों के अनुसार महिला की हालत अधिक गंभीर बताई जा रही है।

थानाध्यक् बताया कि तीनों अपनी स्वीप्ट गाड़ी से रिस्तेदारी में थाती पूजन कार्यक्रम में शामिल होंने बिगराडी गांव जा रहे थे। सड़क किनारे सुरक्षा को लेकर कोई क्रैस बैरियर व पेराफिट आदि नहीं है।



## आंदोलनकारी का प्रमाण पत्र लेने के लिए डीएम कार्यालय में प्रदर्शन

**संवाददाता** बागेश्वर। जिले के राज्य आंदोलनकारियों को आंदोलनकारी का प्रमाण पत्रनही मिलने से नाराजगी है। उन्होंने अपनी मांगों को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय में प्रदर्शन किया तथा जिलाधिकारी के माध्यम से प्रदेश के गृह सचिव को ज्ञापन भेजा। मंगलवार को आंदोलनकारियों ने जिलाधिकारी कार्यालय में प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार जनपद के 352 आंदोलनकारियों ने एलआईयू व राजस्व विभाग को सभी साक्ष्य उपलब्ध करा दिए गए हैं। इसके बाद कई साल बीतने के बाद भी उन्हें आंदोलनकारी होने का प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। कहा कि अन्य जनपदों में एलआईयू जांच व समाचार पत्रों की कटिंग के अनुसार प्रमाण पत्र जारी किए गए हैं परंतु बागेश्वर जनपद में दोहरे मानक अपनाए जा रहे हैं। उन्होंने ज्ञापन में उच्च न्यायालय के आदेश आदि की प्रतियां संलग्न की है।

## प्रधानाचार्य पर लगाया गलत जानकारी देने का आरोप

**केंद्रीय मंत्री के नाम ज्ञापन भेजकर दोषी के खिलाफ कार्रवाई की मांग**

**संवाददाता** बागेश्वर। अनुसूचित जनजाति शिक्षक एसोसिएशन ने जवाहर नवोदय विद्यालय मध्य प्रदेश के प्रधानाचार्य पर संविधान दिवस पर डॉ.भीमराव अंबेडकर को लेकर गलत जानकारी देने का आरोप लगाया है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री व सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री को ज्ञापन देकर मामले की जांच करने और दोषी प्रधानाचार्य के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। जिलाधिकारी के माध्यम से भेजे गए ज्ञापन में केंद्रीय मंत्रियों से संविधान निर्माता के खिलाफ गलत जानकारी देने वाले प्रधानाचार्य के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

दोनों मंत्रियों को भेज पत्र में एसोसिएशन का कहना है कि सोशल मीडिया में वायरल वीडियो के माध्यम से जानकारी मिली है कि जवाहर नवोदय विद्यालय जिला रायसेन मध्य प्रदेश में संविधान दिवस पर विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार मिश्रा द्वारा सार्वजानिक रूप से बोलते हुए छात्र छात्राओं से पूछा कि क्या आप जानते हैं भारत का संविधान किसके द्वारा लिखा गया। इसके उत्तर में छात्रों ने एक स्वर में जवाब दिया कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर।

प्रधानाचार्य द्वारा छात्रों के इस जवाब को गलत भ्रामक बताते हुए



कहा गया कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर द्वारा संविधान के एक लाइन भी नहीं लिखी गई। भारत का संविधान प्रेम बिहारी रायजादा द्वारा लिखा गया है। उन्होंने मामले की जांच करने और भ्रामक व गलत जानकारी देने वाले प्रधानाचार्य के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मांग करने वालों में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार टम्टा वे महामंत्री महेंद्र प्रकाश शामिल हैं।

## डीएम से मजदूरों के साथ होने वाले अन्याय पर सुध लेने की मांग

**संवाददाता** बागेश्वर। जनपद में खान मालिकों द्वारा खनन मजदूरों की उपेक्षा की जा रही है। तिलाड़ी क्षेत्र के एक खान में 18 नवंबर को काम करने के दौरान एक मजदूर घायल हो गया था जिसका जिला चिकित्सालय में इलाज चल रहा है परंतु खान मालिक उसका सुध नहीं ले रहा है। जिला अस्पताल में इलाज करा रहे डुंगरी निवासी 40 वर्षीय अमित कुमार पुत्र रमी राम ने बताया कि जब वह खान में कार्य कर रहा था तभी खड़िया की चटटान गिर गई तथा उसके पीठ में चोट लग गई। घायल मजदूर अमित ने बताया कि उसे खान मालिक द्वारा अब तक इलाज हेतु मदद नहीं की है। घायल मजदूर ने बताया कि खान में मजदूरों की सुरक्षा हेतु कोई उपकरण प्रदान नहीं किए गए हैं तथा बिना सुरक्षा मानकों के ही मजदूरों से कार्य कराया जा रहा है। बोला गरीब होना मेरी कमजोरी है। इलाज के लिए मदद मिलने की टोह देख रहा है पर अब तक खान स्वामी और प्रशासन द्वारा कोई सुध नही ली गई है।

*किरण चाहे हमारे आशाओं की हो या फिर चमकते सूर्य की, दोनों ही हमारे जीवन के सारे अंधकार को खत्म कर देती हैं।–अज्ञात।*



विचार-प्रवाह देहरादून, बुधवार, 30 नवंबर 2022

पेज थ्री
www.page3news.in

# मुलाकात की अहमियत

**सुप्रीम कोर्ट का यह ऑब्जर्वेशन बेहद महत्वपूर्ण है कि नाबालिग बताकर अपराधियों को सजा में रियायतें दिए जाने से उनमें सुधार होने के बजाय अपराधियों का दुस्साहस ही बढ़ता है। साफ है कि कोर्ट का इशारा जूवेनाइल जस्टिस एक्ट 2015 की ओर था।**

रमन सिंह।।

सुप्रीम कोर्ट ने साल 2018 के बहुचर्चित कठुआ गैंगरेप और मर्डर केस में नाबालिग बताए गए एक आरोपी के बारे में यह व्यवस्था दी कि वह अपराध को अंजाम देते वक्त बालिग था और इसीलिए उसके खिलाफ एक वयस्क के रूप में ही मुकदमा चलाया जाना चाहिए। यह मामला आठ साल की एक बच्ची के साथ क्रूरता की इंतिहा के चलते ही नहीं, आरोपियों के बचाव में शुरू की गई राजनीतिक मुहिम के कारण भी देश भर में चर्चित हुआ था। मगर सुप्रीम कोर्ट के ताजा फैसले की अहमियत के कई और पहलू भी हैं। इस आरोपी की सही उम्र को लेकर संदेह शुरू से था। बचाव पक्ष की ओर से इस संबंध में जो दस्तावेज पेश किए गए थे, उनमें भी खामियां पाई गईं। मगर निचली अदालतों में ये खामियां नहीं पकड़ी जा सकीं।

सुप्रीम कोर्ट ने इन्हीं खामियों को मद्देनजर रखते हुए विशेषज्ञों की समिति की उस रिपोर्ट पर भरोसा करना बेहतर समझा, जिसमें अपराध के समय आरोपी की उम्र 19 से 23 साल के बीच होने की बात कही गई है। हालांकि कोर्ट ने भी माना कि विशेषज्ञों की ऐसी मेडिकल ओपिनियन कोई ठोस साक्ष्य नहीं बल्कि एक राय ही है, लेकिन फिर भी उसने कहा कि ऐसे गंभीर अपराधों के मामले में अगर आरोपी की उम्र को लेकर संदेह की स्थिति बनती हो तो अपर्याप्त दस्तावेज के बजाय इस राय को ही फैसले का आधार बनाया जाना चाहिए। फैसले का दूसरा अहम पहलू अपराधियों को नाबालिग मान कर उन्हें दी जाने वाली कानूनी रियायतों से जुड़ा है। सुप्रीम कोर्ट का यह ऑब्जर्वेशन बेहद महत्वपूर्ण है कि नाबालिग बताकर अपराधियों को सजा में रियायतें दिए जाने से उनमें सुधार होने के बजाय अपराधियों का दुस्साहस ही बढ़ता है।



साफ है कि कोर्ट का इशारा जूवेनाइल जस्टिस एक्ट 2015 की ओर था। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने इस कानून के औचित्य पर कोई सीधी टिप्पणी नहीं की, लेकिन यह कहते हुए इस पर सवाल जरूर खड़ा कर दिया कि नाबालिगों द्वारा अपराध के बढ़ते मामलों के मद्देनजर हम यह सोचने को मजबूर हैं कि क्या सचमुच यह कानून अपना मकसद पूरा करने में कामयाब हुआ है। साफ है कि अब आगे का काम सरकार का है। निश्चित रूप से कच्ची उम्र में किए गए अपराधों के लिए सजा देते हुए ध्यान बच्चों के सुधार पर ही होना चाहिए, लेकिन कोई खास प्रावधान उन बच्चों में सुधार ला रहा है या नहीं, यह देखना भी उसी प्रक्रिया का हिस्सा होना चाहिए। खासकर जब ऐसे संकेत मिल रहे हों कि घृणित कृत्यों को अंजाम देने के बाद अपराधी तत्व उस प्रावधान का इस्तेमाल अपनी सजा कम करवाने में कर रहे हैं, तो फिर उसकी अनदेखी करने का कोई कारण नहीं रह जाता। सरकार को तत्काल इस दृष्टि से जूवेनाइल जस्टिस एक्ट पर पुनर्विचार की दिशा में प्रयास शुरू कर देने चाहिए।

## विकारो पर विजय

धर्म-दर्शन



**अशोक वोहरा।** मोक्ष प्राप्ति का इतना सहज नहीं इसके लिए मन और इंद्रियों पर नियंत्रण रखना अति अवश्यक है। मोक्ष प्राप्ति का पहला नियम यही है अपने लोभ मोह वासना घृणा ईर्षा क्रोध जैसे सभी विकारो पर विजय प्राप्त करना! ताकि धर्म कर्म के मार्ग पर यह आपके लिए बाधा उत्तपन्न न करे। हे राजन, हर धर्म कर्म हो सकता है किन्तु हर कर्म, धर्म नहीं हो सकता। पुण्य कर्म करते समय तुम्हे धर्म कर्म दोनों को साथ लेकर चलना होगा। तुम्हारे द्वारा किये जाने वाली किसी भी प्रकार की क्रियाओ से किसी भी मनुष्य एवं जीव जंतुओ को हानि ना पहुंचे। राजन ने सवाल किया, की पुण्य कर्म क्या होते है। संत ने उत्तर दिया, जब इंसान अपने किसी भी स्वार्थ की वजह से किसी की मदद करता है तो यह एक साधारण कर्म है।

## संपादकीय

### सवालों के जवाब

हमनें जब केल्कुलेटेड तरीके से इस दिशा में आगे बढ़ना तय कर ही लिया है तो क्या इस बारे में सामने आने वाली कुछ समस्याओं को भी भांप लिया है या नहीं। मुंह बाये खड़े कुछ सवालों के जवाब भी खोज लिये गये हैं या नहीं? यदि इन सवालों के जवाब, इन समस्याओं के हल एडवांस में न खोज लिये गये तो इन भाषाओं में पढ़ाई की सारी की सारी कसरत बेमानी–सी होकर रह जाएगी। सबसे प्रमुख और पहली समस्या है टेक्निकल शब्दों या टर्मिनोलजी की। क्या इस बात के उपाय कर लिए गए हैं कि सम्बंधित विषय के टेक्निकल शब्दों या टर्मिनोलजी के लिए सही, सरल और सटीक हिंदी शब्द क्या हों। क्या ऐसे शब्दों की खोज कर ली गई है। दरअसल, भारतीय भाषाओं में पढ़ाई का पूरा लाभ तभी मिल पाएगा जब इनकी किताबें बोलचाल की भाषा आम भाषा में लिखी गई हों न कि संस्कृतनिष्ठ तत्सम शब्दावली वाली दुरुह भाषा में। अक्सर यह भी देखा जाता है कि बाजार में बिकने वाली जयादातर अनुवादित किताबों की भाषा से पढ़ने वाले के पल्ले कुछ नहीं पड़ता। यदि नए सिलेबस की भाषा भी ऐसी रही तो ऐसे प्रयासों में पलीता लगने का डर बढ़ जाता है।

# भारत की काबिलियत

खैर, यहां तक तो ठीक है। ऐसी किताबों की भाषा सरल, स्पष्ट, सुगम और बोधगम्य होनी चाहिए। दूसरा, क्या इन विषयों पर पुस्तकें लिखने वाले योग्य लेखक या डॉक्टर-इंजीनियर आदि आसानी से उपलब्ध है?

नरेश तनेजा।।

मेडिकल और इंजीनियरिंग जैसे टेक्निकल विषयों की पढ़ाई की शुरुआत हिंदी व अन्य भारतीय भाषाओं में करने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए मध्य प्रदेश में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सिलेबस की कुछ पुस्तकों का लोकार्पण किया। इससे पहले इस संबंध में संसद में प्रस्ताव पारित करने के बाद एक टास्क फोर्स बनाई गई थी जिसने अपने सुझाव दिए। उन सुझावों के आधार पर सिलेबस तैयार हुआ और पुस्तकों का प्रकाशन भी हो गया और लोकार्पण भी।

हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं में इन विषयों की पढ़ाई के लाभ भी समझे–समझाए गए। इस कदम से उन युवाओं के मन की एक बड़ी साध पूरी हो सकेगी जो इन विषयों को पढ़कर प्रफेशनल डॉक्टर और इंजीनियर बनना तो चाहते हैं पर, अंग्रेजी भाषा पर पकड़ न होने के कारण उनके सपनों पर कुठाराघात हो जाता है और उभरते युवा, मन मसोसकर रह जाते हैं। अब ये युवा अपनी भाषा में इन गूढ़ विषयों को जब पढ़ेंगे तो आसानी से उनमें वर्णित बातों को न सिर्फ तुरन्त समझ सकेंगे बल्कि अंग्रेजी भाषा से अजनबियों–सा रिश्ता होने के कारण जो विषय उन्हें अब तक हौआ लगा करते थे उन विषयों के गहरे से गहरे सन्दर्भो पर अब वे खुद दूसरों से विचार–विमर्श भी कर सकेंगे और



जानकारियों को शेयर भी। जिन किताबों को देखकर ही उनके मन पर मनों बोझ पड़ने लगता अब उन्हीं किताबों में बड़े शौक से घन्टों नजरें गढ़ाए रखने से भी उन्हें गुरेज नही होगा। लब्बोलुआब यह कि भाषा का कलेवर बदलते ही सबकुछ साफ–साफ और हल्का–हल्का नजर आने लगेगा।

यह एक काबिले–तारीफ कदम है जो भविष्य के युवा भारत की काबिलियत भी बढ़ायेगा और छोटे शहरों और गांवों की तस्वीर ही नहीं बदल देगा बल्कि काबिल लोगों की संख्या बढ़ जाने से देश की अर्थव्यवस्था और जीडीपी में बढोत्तरी के रास्ते भी खुल जायेंगे। इससे विश्व में भारत का रुतबा और मर्तबा भी बढ़ना तय है। खैर, यहां तक तो ठीक है। ऐसी किताबों की भाषा सरल, स्पष्ट, सुगम और बोधगम्य होनी चाहिए। दूसरा, क्या इन विषयों पर पुस्तकें लिखने वाले योग्य लेखक या डॉक्टर–इंजीनियर आदि आसानी से उपलब्ध है? किसी भी विषय पर बोधगम्य पुस्तकें लिखना तभी सम्भव है जब लेखक या तो उस विषय का विशेषज्ञ हो या उस विषय में खासी रुचि रखता हो या बहुत अच्छा अनुवादक हो जिससे जल्दबाजी में न लिखवाकर लिखने का पूरा समय भी दिया गया हो। तीसरा, इन विषयों को अंग्रेजी में पढ़ने वाले बच्चों का हिंदी में पढ़ने वालों से कोई कॉम्पीटीशन तो नहीं उठ खड़ा हो जाएगा।

चौथे, अक्सर कामकाज के दौरान कोई प्रफेशनल समस्या आने पर डॉक्टर या अन्य प्रफेशनल्स इंटरनेट के जरिए दुनिया के अन्य एक्सपर्ट्स से सम्पर्क कर लेते हैं। पर, भारतीय भाषाओं में पढकर डॉक्टर आदि बने लोग ऐसा कैसे कर पाएंगे क्योंकि इन्हें तो हिंदी आदि भाषा आती है, पर विदेशियों को तो नहीं आती। वे तो इंटरनेशल सम्पर्क भाषा बन चुकी अंग्रेजी ही समझ पाते हैं। ये कुछ ऐसे बिंदु हैं जो बहुत ही प्रैक्टिकल और महत्वपूर्ण हैं। इनका पूरा इंतजाम किए बिना हालात वैसे ही कहलायेंगे–वही ढाक के तीन पात या नौ दिन चले अढ़ाई कोस। इन पर पूरी तैयारी करने के बाद ही आगे बढ़ने से ही सही मायने में लक्ष्य प्राप्त किया जा सकेगा।

### अष्टयोग-5017

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 4 | 1 | | 2 |
| 4 | 28 | | 25 | | 36 | |
| | 5 | | | 6 | 7 | 4 |
| | 28 | 5 | 35 | 3 | 39 | |
| 3 | 2 | | 6 | | 5 | |
| | 32 | 3 | 42 | 5 | 32 | |
| 1 | 5 | | | 4 | | 3 |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

अष्टयोग 5016 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 5 | 7 | 4 | 1 | 2 |
| 1 | 28 | 3 | 40 | 5 | 31 | 7 |
| 2 | 1 | 7 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 7 | 34 | 6 | 31 | 2 | 30 | 3 |
| 3 | 6 | 2 | 4 | 1 | 7 | 5 |
| 5 | 30 | 4 | 28 | 6 | 35 | 1 |
| 4 | 5 | 1 | 3 | 7 | 2 | 6 |


Jagrutidaur.com, Bangalore

## अपना ब्लॉग

### बीमार होने के बावजूद

**मोहन।** 27 नवंबर 1977 का वाकया है। बच्चन जी का 70 वां जन्मदिवस था। बधाई देने मैं उनके घर पहुंचा, तो अमिताभ भी अपनी खराब तबीयत के चलते दिल्ली में ही थे। मैं उपहारस्वरूप अलवर का सुप्रसिद्ध मिल्क केक ले गया था। मैंने उसमें से एक पीस बच्चन जी को खिलाया और एक पीस अमिताभ को खिलाना चाहा तो तेजी जी ने कहा, 'मुन्ना को मत खिलाओ, इसे पीलिया (जॉन्डिस) हुआ है।' अमिताभ उस समय सर्दी के चलते खुद को सफेद शॉल में जकड़े हुए थे। लेकिन उन्होंने मांजी की ओर विनम्रता से देखते हुए कहा, 'यह इतने प्यार से खिला रहे हैं तो एक जरा सा पीस खा लेता हूं।' मैंने मिल्क केक का छोटा सा पीस बढ़ाया तो अपना मुंह खोलते हुए वह बोले, 'आप ही खिला दीजिए।' मेरे लिए वह पल अविस्मरणीय है। मेरा अमिताभ के प्रति प्रेम देख वह अमिताभ के दिल्ली आने पर मुझे उनसे मिला देते थे। तब मैंने पाया कि 'शोले', 'दीवार', 'कभी कभी' जैसी फिल्मों का सितारा शिखर पर पहुंचकर भी धरातल से जुड़ा है।





## साउथ स्टार गौतम कार्तिक ने मंजिमा मोहन से रचाई शादी

साउथ सिनेमा के फेमस एक्टर गौतम कार्तिक और मंजिमा मोहन शादी के बंधन में बंध चुके हैं। गौतम कार्तिक और मंजिमा मोहन ने 28 नवंबर को एक–दूसरे के साथ शादी रचा ली है और कपल की कुछ खूबसूरत तस्वीरें सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। इस शादी में केवल उनकी फैमिली और कुछ गिने–चुने करीबी दोस्त मौजूद थे। दोनों सितारे जैसे ही शादी के बंधन में बंधे उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल होने लगी। शादी के मंडप से वायरल इस तस्वीर पर उनके फैन्स ने कपल को शादी की बधाइयां देते नजर आ रहे हैं। शादी की इन तस्वीरों में दोनों सफेद रंग के ट्रेडिशनल वेडिंग आउटफिट में नजर आ रहे हैं। बताया जाता है कि गौतम कार्तिक और मंजिमा करीब पिछले 3 साल से एक–दूसरे को डेट कर रहे थे। हालांकि 31 अक्टूबर को उन्होंने अपने रिश्ते को सोशल मीडिया पर अनाउंस किया और फिर शादी की घोषणा की। शादी की इस तस्वीर को शेयर करते हुए सोशल मीडिया पर मंजिमा मोहन ने लिखा है–Now and forever और इस पोस्ट पर उन्हें जमकर बधाइयां मिल रही हैं। फैन्स ने हैप्पी मैरिड लाइफ लिखकर उनके खुशहाल शादीशुदा लाइफ की प्रार्थना की है।

## गोल्डन बॉय होंगे बिग बॉस 16 के पहले वाइल्ड कार्ड

बिग बॉस 16 अपने 8वें हफ्ते में पहुंच चुका है और फैंस को बेसब्री से वाइल्ड कार्ड एंट्री का इंतजार है। हाल में ही बिग बॉस ने फहमान खान को लेकर प्रैंक भी किया था कि वह पहली वाइल्ड कार्ड एंट्री होंगे लेकिन बाद में पता चला कि वो तो सिर्फ अपने आने वाले टीवी शो धर्मपत्नी को प्रमोट करने के लिए बिग बॉस 16 में पहुंचे थे। मगर अब बिग बॉस 16 के पहले वाइल्ड कार्ड एंट्री की करीब करीब कंफर्म खबर सामने आ रही है। इंस्टाग्राम की पॉपुलर हस्ती और गोल्डन बॉय के नाम से मशहूर गोल्डन बॉय सनी नानासाहेब वाघचौरे बिग बॉस में पहली वाइल्ड कार्ड एंट्री बन सकते हैं। इन खबरों पर उन्होंने खुद सोशल मीडिया पर मुहर लगाते हुए पोस्ट भी किया है। सोशल मीडिया पर सनी वाघचौरे ने बिग बॉस को लेकर पोस्ट शेयर किया। इसमें बिग बॉस की तस्वीर उन्होंने दिखाई और लिखा कि आखिरकार मेरा सपना पूरा होने जा रहे हैं। बिग बॉस एंट्री। उनके इस पोस्ट को देख मनोरंजन जगत में खलबली मच गई और पहले वाइल्ड कार्ड एंट्री को देखने के लिए फैंस बेकरार हो गए।

## अमिताभ बच्चन ने पिता से पूछा था यह अजीब सवाल



अमिताभ बच्चन वैसे बेटों में से हैं जो आए दिन जब भी मौका मिलता है अपने पिता और मशहूर कवि हरिवंश राय बच्चन की चर्चा करना कभी नहीं भूलते। अमिताभ आज भी पिता से मिली सीख और उनके दिखाए राह की गुनगान किया करते हैं। अमिताभ बच्चन अपने पिता की लिखी मधुशाला की जहां अक्सर चर्चा किया करते हैं वहीं उन्होंने अपने ब्लॉग में उनके साथ हुई एक मजेदार बातचीत का किस्सा भी शेयर किया था। बता दें कि पिछले दिनों 27 नवंबर को हरिवंश राय बच्चन की 115वीं जयंती मनाई गई। अमिताभ ने बताया था कि यह सवाल उन्होंने अपने पिता से तब पूछा था जब वह अपने फ्यूचर को लेकर काफी प्रेशर में और निराशा से घिरे थे। उन्होंने कहा था– खुद के साथ क्या करना है, ये नहीं समझने का गुस्सा। यही गुस्सा उन्हें परेशान किए जा रहा था और वह एक बार अपने पिता के रूम में घुस आए और उनसे सवाल कर डाला। उस वक्त को याद करे हुए अमिताभ ने कहा था, क्रोधित, निराश, मजबूत और अनुचित विचारों से भरा हुआ मैं एक शाम अपने पिता के स्टडी रूम में चला गया और अपने जीवन में पहली बार, घुटी हुई भावनाओं के साथ, उन पर अपनी आवाज उठाई और चिल्लाया – आपने क्यों जन्म दिया मुझे? आपने हमें पैदा क्यों किया?

# आशा पारेख को भारतीय संस्कृति पर है गर्व

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



*आशा पारेख हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की जानी–मानी एक्ट्रेसेस में से एक हैं। उनका एक दौर था, जिसमें उन्होंने अपनी बेहतरीन अदाकारी से करोड़ों फैंस का दिल जीता है। उनकी फिल्मों ने पर्दे पर खूब धूम मचाया है। आशा पारेख अपनी फिल्मों से ज्यादा बाकी चीजों को लेकर भी चर्चे में रहती हैं। यहां तक कि वो अपनी राय रखने में भी मुखर रहती हैं। हाल ही में आशा पारेख ने कहा है कि उन्हें यह दुख होता है कि भारतीय महिलाएं अपनी शादियों के लिए घाघरा–चोली जैसे कपड़ों के बजाय वेस्टर्न कपड़े और गाउन पहनना पसंद करती हैं। आशा गोवा में चल रहे 53वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के एक सेशन में बोल रही थीं। उस दौरान उन्होंने ये कहा।*

**आशा पारेख को इस बात पर ऐतराज**

आशा ने कहा, सब कुछ बदल गया है (जब से उन्होंने फिल्मों में काम किया है)। जो फिल्में बन रही हैं... मुझे नहीं पता, हम इतने वेस्टर्न हैं। गाउन पहनकर वेडिंग में आ रही हैं लड़कियां। अरे भैया, हमारी घाघरा चोली, सरियां और सलवार–कमीज है आप वो पहनो ना।

**मोटी औरते शादियों में गाउन क्यों पहनती हैं?**

उन्होंने कहा, आप उन्हें क्यों नहीं पहनते? वे पर्दे पर सिर्फ एक्ट्रेसेस को देखते हैं और उनकी नकल करना चाहते हैं। स्क्रीन पर देखकर वो जो कपड़े पहने रहेंगे उस तरह के कपड़े हम भी





पहनेंगे...मोटे हो, या जो, हम वही पहनेंगे। ये वेस्टर्न के साथ हो रहा है, मुझे दुख होता है। मैं इस वेस्टर्नाइजेशन को देखकर आहत होती हूं। हमारे पास इतनी महान संस्कृति, डांस और संगीत है कि हम इसे पॉप संस्कृति में वापस ला सकते हैं।

**दिलीप कुमार से नफरत नहीं करती थीं आशा**

आशा ने उस अफवाह को भी बताया कि वह दिलीप कुमार को पसंद करती थीं और यह कारण नहीं था कि उन्होंने कभी उनके साथ काम नहीं किया। इसपर उन्होंने कहा, चार–पांच साल पहले, कुछ प्रेस ने लिखा था कि मैंने उनके (दिलीप कुमार) साथ काम नहीं किया क्योंकि मैं दिलीप कुमार को पसंद नहीं करती थी। मैं उन्हें पसंद करती थी और हमेशा उनके साथ काम करना चाहती थी। जबरदस्त नाम की एक फिल्म थी, जो मैंने उनके साथ साइन की थी। हम साथ काम करने वाले थे लेकिन मैं बदकिस्मत थी और फिल्म मेरे हाथ से निकल गई।

# आरआरआर के बाद फिर स्क्रीन पर धमाल मचाने को तैयार

*साउथ के फेमस एक्टर राम चरण ने आरआरआर मूवी से देशभर के दर्शकों का दिल जीता था। अब वो अपनी नई पैन इंडिया मूवी लेकर आ रहे हैं, जिसकी अनाउंसमेंट उन्होंने सोशल मीडिया पर कर दी है। इस बार राम चरण स्पोर्ट्स मूवी लेकर आ रहे हैं, जिसे बुची बाबू सना डायरेक्ट करेंगे।*



एसएस राजामौली की आरआरआर मूवी से धमाल मचाने वाले साउथ एक्टर राम चरण ने अपनी नई फिल्म की अनाउंसमेंट कर दी है। ये पैन इंडिया मूवी है। इस स्पोर्ट्स ड्रामा के डायरेक्शन की कमान बुची बाबू सना ने संभाली है। RC 16 को लेकर राम चरण ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया है, जो वायरल हो रहा है। राम चरण ने ट्वीट किया, इसके लिए एक्साइटेड हूं। Buchi Babu Sana और पूरी टीम के साथ काम करने के लिए। इस ट्वीट के साथ साउथ एक्टर ने जो फोटो शेयर की है, उसमें लिखा है, श्मेगा पावरस्टार राम चरण। राइटर डायरेक्टर बुची बाबू सना।

**कई भाषाओं में होगी रिलीज**

जानकारी के मुताबिक, ये एक पैन इंडिया मूवी है, जिसे कई भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। रिपोर्ट्स में ये भी कहा जा रहा है कि ये एक स्पोर्ट्स ड्रामा मूवी है। इसकी शूटिंग दिसंबर महीने में शुरू हो जाएगी।

**इस मूवी की कर रहे हैं शूटिंग**

राम चरण के पास कई प्रोजेक्ट्स हैं। इस समय वो शंकर की फिल्म की शूटिंग न्यूजीलैंड में कर रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, RC 15 में वो [illegible] ऑफिसर का किरदार निभाएंगे। इसमें उनके अपोजिट कियारा आडवाणी हैं। ये एक एक्शन थ्रिलर मूवी है। इसके अलावा राम चरण का अगला प्रोजेक्ट Rangasthalam के डायरेक्टर सुकुमार के साथ है। इसको लेकर एसएस राजामौली ने हाल ही में बताया था कि राम चरण ने इंट्रोडक्शन सीक्वेंस शूट कर लिया है, जो बहुत ही दमदार है।

# पुरुषों के लिए कमाल की चीज है हल्दी



*हल्दी एक औषधीय मसाला है, जो शरीर को कई रोगों से बचाती है। पुरुषों के लिए यह कमाल की चीज है। इसके सेवन से पुरुषों का यौन जीवन सुधर जाता है और इसका सिर्फ यही एक फायदा नहीं है। पुरुषों के यौन स्वास्थ्य से लेकर शारीरिक स्वास्थ्य और त्वचा के लिए भी यह गुणकारी है।*

**हल्दी खाने से क्या मिलता है?**
आयुर्वेदिक विशेषज्ञ डॉ. अबरार मुल्तानी ने हल्दी को चिकित्सीय गुणों से भरपूर बताया है। उन्होंने बताया कि अगर हल्दी को सही तरीके से खाया जाए तो इससे पुरुषों की यौन शक्ति बढ़ा सकते हैं। इसे खाने से सूजन–रोधी गुण, एंटीऑक्सीडेंट, आयरन, फाइबर, प्रोटीन, मैंगनीज, पोटैशियम और विटामिन सी मिलता है।

**बढ़ जाती है कामेच्छा**
एक अनुमान के मुताबिक, करीब 15 प्रतिशत पुरुषों की कामेच्छा कमजोर हो जाती है। उम्र और तनाव का बढ़ना इस समस्या की वजह है। डॉ. अबरार मुल्तानी ने बताया कि हल्दी में मौजूद तत्वों का मानसिक स्वास्थ्य पर अच्छा असर होता है और तनाव कम होने लगता है। इस कारण अप्रत्यक्ष रूप से हल्दी खाने से कामेच्छा बढ़ जाती है। कामेच्छा बढ़ने पर पुरुषों की परफॉर्मेंस में काफी बढ़ोतरी होती है।

**थकान और शरीर टूटना**
उम्र बढ़ने के साथ पुरुषों को दिनभर थकान का अनुभव करना पड़ सकता है। लेकिन, रक्त प्रवाह सुधरने के बाद शरीर के ऊतकों को भरपूर ऊर्जा मिलती है। इससे पुरुषों की थकावट व शरीर टूटने की शिकायत में कमी देखने को मिलती है।

**हल्दी से चमकाएं पुरुषों का चेहरा**
पुरुषों की त्वचा और चेहरे के लिए भी हल्दी फायदेमंद है। हल्दी फेस पैक को लगाकर पुरुष चेहरे पर तेल आना, मुंहासे, सांवली रंगत और दाग–धब्बों से छुटकारा पा सकते हैं। इसका हफ्ते में एक बार इस्तेमाल किया जा सकता है।

**ऐसे खानी चाहिए हल्दी**
डॉ. अबरार मुल्तानी कहते हैं कि हल्दी में मौजूद करक्युमिन का इस्तेमाल शरीर आसानी से नहीं कर पाता है। इसे पाइपेरिन की जरूरत होती है, जो कि काली मिर्च में होता है।

**पुरुषों को ये फायदा भी मिलता है**
डॉ. मुल्तानी ने बताया कि हल्दी में सूजन–रोधी गुण होते हैं, जो नसों में सूजन नहीं आने देते। इस वजह से रक्त प्रवाह बेहतर हो पाता है और टेस्टोस्टेरोन हॉर्मोन बढ़ने में मदद मिलती है। स्तंभन दोष दूर करने के लिए यह बहुत असरदार तरीका है।



## सूखी खांसी के लिए बेस्ट सिरप हैं ये चीजे, तुरंत बाहर होगी छाती–गले में जमा गंदगी

ठंड के मौसम में सर्दी और खांसी के मामले बढ़ जाते हैं। इस मौसम में लोगों को कई तरह की शरीर चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। समय रहते इन मौसमी परेशानियों को इलाज न किया जाए, तो इन्हें मैनेज करना मुश्किल हो जाता है। इस मौसम में कई लोगों को सूखी खांसी की समस्या भी हो जाती है जिसमें कफ या बलगम नहीं आते लेकिन खांसी लगातार परेशान करती है। सूखी खांसी के कारण? खांसी की वजह एलर्जी, अस्थमा, संक्रमण या एसिड रिफ्लक्स सहित कई कारण हो सकते हैं। सूखी खांसी के मामले में समस्या तब ज्यादा होती है, जब आप सोने जा रहे होते हैं। वास्तव में इससे आपका सोना दुश्वार हो सकता है। सूखी खांसी के घरेलू उपाय क्या हैं? वैसे तो सूखी खांसी के लिए बाजार में कई तरह की दवाएं मौजूद हैं जिन्हें आप डॉक्टर की सलाह पर ले सकते हैं लेकिन अगर आप जल्दी राहत पाना चाहते हैं, तो कुछ सरल नुस्खे आजामा सकते हैं। अदरक सूखी खांसी के इलाज के लिए सबसे अच्छी आयुर्वेदिक जड़ी बूटियों में से एक है। अदरक एंटी–इंफ्लेमेटरी और एंटीऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर होता है, जो गले की जलन और श्वसन मार्ग को शांत करने में मदद करता है, जिससे खांसी से राहत मिलती है।

## शरीर को ताकतवर बनाती है ये सब्जी, हड्डियां भी बनती हैं मजबूत

हेल्दी एंड फिट रहने के लिए कई बार लोग ऐसी चीजों का भी सेवन करते हैं जिसके फायदों के बारे में वे पूरी तरह नहीं जानते। ऐसी ही एक चीज है जो लोग अक्सर अपने भोजन में शामिल तो करते हैं लेकिन इसके हेल्थ बेनिफिट्स के बारे में सही–सही जानकारी शायद ही रखते हैं। ऐसी हे एक चीज चौलाई या अमरंथ है। चौलाई फाइबर, ढसनजमद थतमम, जरूरी अमीनो एसिड, लिपिड, एंटीऑक्सिडेंट और कैल्शियम से भरपूर फूड है। यह एंटी–हाइपरटेंसिव, एंटी–ऑक्सीडेंट, एंटीथ्रॉम्बोटिक और एंटी–प्रोलिफेरेटिव एजेंट के रूप में काम करके कई तरह से शरीर को फायदा पहुंचाता है। आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. डिंपल जांगडा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर इसके कुछ लाभों के बारे में बताया है। उन्होंने बताया है कि चौलाई में पाये जाने वाले बेहद फायदेमंद पोषक तत्वों के कारण इसे सुपरफूड माना जाता है। यह हार्ट, बोन और डायजेस्टिव सिस्टम में सुधार करने में कारगर है। चौलाई जिसे अमरंथ भी कहते हैं मैग्नीशियम का एक अच्छा स्रोत है, जो हार्ट हेल्थ को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण है। साथ ही यह फेनोलिक एसिड से भरपूर होता है, जो बीमारियों को रोकने में मदद करता है।

## हल्के बुखार में दवा लेने से किया मना, इतने फीवर तक अपनाने चाहिए घरेलू उपाय



अधिकतर लोग खुद ही बुखार की दवा लेते हैं। ऐसे लोगों को भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के नए दिशा–निर्देश जान लेने चाहिए। आईसीएमआर ने चिकित्सकों से हल्के बुखार में दवा देने से मना किया है। क्योंकि, लो ग्रेड फीवर में एंटीबायोटिक्स का सेवन बढ़ने से एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस का नया खतरा पैदा होता दिख रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, शनिवार को अपने दिशा–निर्देश में स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग ने डॉक्टरों को लो–ग्रेड फीवर और वायरल ब्रॉन्काइटिस जैसी बीमारियों में एंटीबायोटिक्स दवा देने से बचने की सलाह दी है। अगर चिकित्सक किसी मरीज को एंटीबायोटिक दवा देता है, तो एक समय–सीमा का पालन जरूर करे। आईसीएमआर के दिशा–निर्देश में सामान्य स्थितियों में एंटीबायोटिक दवा देने की समय–सीमा बताई गई है। समुदाय में हुए निमोनिया में 5 दिन और अस्पताल में हुए निमोनिया में 8 दिन एंटीबायोटिक दवा देने की सलाह दी जाती है। त्वचा और मुलायम ऊतकों के संक्रमण को ठीक करने के लिए भी मरीज को 5 दिन एंटीबायोटिक थेरेपी दी जा सकती है।

# दुनिया के 50 लोग हैं इस अजीब सिंड्रोम के शिकार

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

*वेयरवोल्फ या भेड़िया मानव की कहानियां आपने भी सुनी होगी। इस कॉन्सेप्ट पर बनी वरुण धवन की नयी फिल्म भेड़िया भी हाल ही में रिलीज हुई है। हॉलीवुड में वेयरवोल्फ पर पहले ही काफी सीरिज और मूवी बनाई जा चुकी है। मूवी या कहानी में दिखाए जाने वाला वेयरवोल्फ एक इंसान होता है जिसमें भेड़िए जैसी ही शक्ति होती है। इतना ही नहीं रात होते ही वह भेड़िया का रूप भी ले लेता है। वास्तविक जीवन में वेयरवोल्फ एक रेयर सिंड्रोम है, जिससे ग्रसित लोगों में भेड़िए की ताकत तो नहीं पर इसकी तरह शरीर और चेहरे घने मुलायम बाल जरूर होते हैं। मध्यप्रदेश के रतलाम जिले के एक छोटे से गांव में रहने वाला 17 साल का ललित पाटीदार भी इसी सिंड्रोम से ग्रसित है। एक रिपोर्ट के अनुसार, पूरे दुनिया भर में हाइपरट्रीकॉसिस या वेयरवोल्फ सिंड्रोम के सिर्फ 50 मामले हैं।*

**कैसी होती है वेयरवोल्फ सिंड्रोम के मरीजों की जिंदगी**
ललित एक मिडिल क्लास फैमिली से है। उसके पिता एक किसान है। 6 साल की उम्र से ललित के चेहरे पर घने बाल उगने लगे थे। जिसका कोई इलाज पता नहीं होने के कारण ललित को अपने इस हाल के साथ जीना सिखना पड़ा। इस रेयर डिजीज के साथ ललित को लोगों की कई तरह की बातें भी सुननी पड़ती थी। स्कूल मोहल्ले में बच्चे उसे पत्थर मारते थे, चिढ़ाते थे। कुछ लोग तो मंकी बॉय भी बुलाते थे।

**क्या है हाइपरट्रीचॉसिस**





पुणे स्थित डॉ. डीवाई पाटिल अस्पताल और अनुसंधान केंद्र में त्वचाविज्ञान विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर, डॉ. आयुष गुप्ता बताते हैं कि वेयरवोल्फ सिंड्रोम हाइपरट्रीचॉसिस का दूसरा नाम है, जिसका अर्थ है पूरे शरीर में अत्यधिक मात्रा में बालों का बढ़ना। यह हिर्सुटिज्म से अलग है, जिसमें महिलाओं के शरीर में उन हिस्सों में अत्यधिक बाल विकसित होते हैं, जहाँ आम तौर पर पुरुषों में बालों की वृद्धि देखने को मिलती है। जबकि हाइपरट्रीचॉसिस महिला और पुरुष दोनो को हो सकता है।

**हाइपरट्रीचॉसिस के लक्षण**
हाइपरट्रीचॉसिस की प्राथमिक विशेषता अत्यधिक बाल हैं। हाइपरट्रीचॉसिस में बाल आमतौर पर अपेक्षा से अधिक लंबे होते हैं और इसमें किसी भी प्रकार के बाल (लैनुगो, वेल्स या टर्मिनल) शामिल हो सकते हैं।

**क्यों होता है हाइपरट्रीचॉसिस**
एक्सपर्ट बताते हैं कि हाइपरट्रीचॉसिस जेनेटिक या अधिग्रहित हो सकता है। इसके अलावा कुछ प्रकार के दवाओं के सेवन, कुपोषण, त्वचा के ऑटोइम्यून विकारों आदि के कारण भी यह सिंड्रोम होता है।

**वेयरवोल्फ का उपचार**
वैसे तो हाइपरट्रीचॉसिस का कोई इलाज नहीं है। लेकिन कुछ समय के लिए इससे छुटकारा पाने के लिए शेविंग, वैक्सिंग, हेयर प्लगिंग का जैसे तरीके का इस्तेमाल कर सकते हैं। हालांकि यह दर्दनाक या त्वचा में जलन पैदा कर सकते हैं। और शरीर के कुछ हिस्सों पर, ये उपचार आसानी से नहीं होते हैं। इसके अलावा इलेक्ट्रोलिसिस और लेजर सर्जरी से भी इससे छुटकारा पाया जा सकता है।



राजस्थान रॉयल्स ने शेयर किया वीडियो

राजस्थान रॉयल्स ने एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें शिखर धवन नजर आ रहे हैं। धवन इस वीडियो में कह रहे हैं कि युजी का सच, हुआ पर्दाफाश। युजी अब कुली बना हुआ है। एक इंसान कितना सामान ढो रहा है। साथ में उनकी पत्नी धनश्री भी हैं जो धवन से कहती हैं कि पैर में तकलीफ है इसलिए चहल उनका भी सामान ले जा रहे हैं। वरना मैं हमेशा अपना बोझ उठाती हूं। ऐसा पहली बार नहीं हुआ है जब धवन ने इस तरह का वीडियो शेयर किया है। वह पहले भी खिलाड़ियों के साथ या फिर अपने परिवार के साथ ऐसे फनी वीडयो बनाते रहते हैं और शेयर करते रहते हैं।

## सामान ढोते कैमरे में कैद हुए चहल, धवन बोले कुली बना हुआ है युजी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। शिखर धवन सोशल मीडिया पर सबसे ज्यादा एक्टिव रहने वाले चुनिंदा खिलाड़ियों में एक हैं। फिलहाल वह न्यूजीलैंड दौरे पर हैं और 3 मैच की वनडे सीरीज में टीम इंडिया की कमान संभाल रहे हैं। अक्सर वह अलग-अलग वीडियो के माध्यम से फैंस को एंटरटेन करते रहते हैं। उनका एक नया वीडियो सामने आया है, जिसमें वह अपने साथी खिलाड़ी युजवेंद्र चहल का पर्दाफाश करते हुए नजर आ रहे हैं। दरअसल धवन ने एक वीडियो शेयर किया है जिसमें युजवेंद्र चहल सामान ढोते हुए नजर आ रहे हैं। टीम इंडिया के न्यूजीलैंड दौरे का कारवां, अब आखिरी पड़ाव पर पहुंच गया है। 3 मैच की वनडे सीरीज का तीसरा और आखिरी मैच क्राइस्टचर्च में खेला जाएगा। फिलहाल टीम इंडिया इस सीरीज में 0-1 से पीछे है। सीरीज का दूसरा मैच बारिश के कारण रद हो गया था। तीसरे मैच में टीम इंडिया के पास जीत दर्ज कर सीरीज को बराबरी पर खत्म करने का मौका है। हार्दिक की कप्तानी में टीम इंडिया ने टी20 सीरीज 1-0 से जीती थी।

# सिर्फ एक टी20 खेलने वाले को बनाना चाहते हैं कप्तान: गंभीर

क्रिकेट

## पंड्या को बनाओ टी-20 इंटरनेशनल टीम का कप्तान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम को लेकर खबरें आ रही हैं कि अलग-अलग फॉर्मेट में अलग-अलग कप्तान होगा। इसे लेकर हर कोई अपनी बात कह रहा है। अधिकतर हार्दिक पंड्या को रोहित शर्मा की जगह टी-20 इंटरनेशनल टीम के कप्तान के रूप में देखना चाहते हैं। लेकिन इस बारे में गौतम गंभीर इत्तेफाक नहीं रखते हैं। उन्होंने भारत के लिए सिर्फ एक टी-20 मैच खेलने वाले खिलाड़ी को कप्तान बनाए जाने की वकालत की है। साथ ही हार्दिक पंड्या को भी इस लिस्ट में शामिल किया है।

भारत के पूर्व क्रिकेटर गौतम गंभीर ने मुंबई और दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज पृथ्वी साव को, हार्दिक पंड्या के साथ टी20 क्रिकेट में भारत के भविष्य के कप्तान के रूप में चुना है। गुजरात टाइटंस को आईपीएल 2022 का खिताब दिलाने वाले पंड्या को मौजूदा कप्तान रोहित शर्मा की जगह राष्ट्रीय टीम का कप्तान बनने के लिए सबसे आगे कहा जा रहा है। उन्होंने आयरलैंड के दौरे पर पहली बार टी20 में भारत का नेतृत्व किया और उस सीरीज को 2-0 से जीता था। उन्होंने न्यूजीलैंड में टी20 में भारत को 1-0 से सीरीज जीत दिलाई। विशेषज्ञों का मानना है कि सेमीफाइनल में इंग्लैंड से हारने के बाद टी20 विश्व कप में भारत की हार के बाद पंड्या के टी20 टीम की कमान संभालने की संभावना है। गंभीर ने कहा, 'हार्दिक पंड्या स्पष्ट रूप से लाइन में हैं, लेकिन यह रोहित के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। मुझे लगता है कि केवल एक आईसीसी इवेंट में उनकी कप्तानी को आंकना शायद उनके लिए सही नहीं है।




हार्दिक पंड्या के बारे में गंभीर का बयान हालांकि ज्यादा आश्चर्यजनक नहीं हैं, लेकिन साव को भविष्य के कप्तान के रूप में देखना आश्चर्यजनक है। मुंबई के बल्लेबाज ने पिछले साल से विभिन्न भारतीय टीमों में एक स्थाई जगह बनाने के लिए संघर्ष किया है। भारत को अंडर-19 विश्व कप खिताब दिलाने के बाद साव ने 2018 में टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू किया और तब से केवल चार टेस्ट खेले हैं। इसके बावजूद गंभीर ने कहा कि उन्होंने साव को कप्तान के रूप में चुना क्योंकि उन्हें लगता है कि वह बहुत आक्रामक कप्तान होंगे। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि पृथ्वी साव एक बहुत ही आक्रामक कप्तान साबित होंगे।

## क्रिस्टियानो रोनाल्डो का जादू नहीं चला, उरुग्वे पर पुर्तगाल की जीत में छाए ब्रूनो फर्नांडिस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लुसैल (कतर)। ब्रूनो फर्नांडिस के दो गोल की मदद से पुर्तगाल ने उरुग्वे को 2-0 से हराकर विश्व कप फुटबॉल प्री क्वॉर्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। स्टार स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो पहले गोल के बाद जिस तरह जश्न मनाते दिखे, ऐसा लगा कि गोल उन्होंने किया है लेकिन वास्तव में अंतिम टच फर्नांडिस का था। बायीं ओर से फर्नांडिस का शॉट रोनाल्डो के सिर के ऊपर से निकलकर गोल के भीतर गया। रोनाल्डो ने अपने हाथ हवा में खोल दिए और फर्नांडिस को गले लगाया।

मैदान पर लगी बड़ी स्क्रीन पर बार बार क्लोज अप रिप्ले दिखाया गया। फर्नांडिस ने



स्टॉपेज टाइम में पेनल्टी स्पॉट पर एक और गोल किया। आखिरी मिनट में वह गोल करने के करीब पहुंचे लेकिन गेंद पोस्ट से टकराकर बाहर निकल गई और वह हैट्रिक से चूक गए। पहले मैच में घाना को 3-2 से हराने वाली पुर्तगाल टीम फ्रांस और ब्राजील के बाद अंतिम 16 में पहुंचने वाली तीसरी टीम है। उरुग्वे के दो मैचों में एक अंक है और उसे आगे बढने के लिए शुक्रवार को घाना को हराना होगा। इस मैच में पुर्तगाल के 39 वर्ष के डिफेंडर पेपे विश्व कप में खेलने वाले दूसरे सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। विश्व कप में खेलने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी रोजर मिला है जो 1994 में 42 वर्ष की उम्र में कैमरून के लिये खेले थे। मैच के दौरान एक दर्शक रंग बिरंगा ध्वज लिये मैदान पर उतर पड़ा जिसने सुपरमैन वाली नीली टीशर्ट पहन रखी थी जिस पर लिखा था, 'सेव यूक्रेन'।

सुरक्षा अधिकारियों ने उसे पकड़ लिया और बाहर ले गए। इससे पहले उसने झंडा जमीन पर रख दिया था। रेफरी ने बाद में झंडा उठाकर साइड में रखा जहां से कर्मचारी उसे उठाकर ले गए। उस व्यक्ति की टीशर्ट के पीछे लिखा था,' ईरानी महिलाओं के लिये सम्मान'।

## आईपीएल में डेब्यू करने की तैयारी में कैमरून ग्रीन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन आईपीएल 2023 में हिस्सा लेने की तैयारी में हैं। ग्रीन ने आईपीएल की नीलामी में अपना नाम देना का फैसला किया है। टी20 में उनका रिकॉर्ड बेहतरीन रहा है और इसी वजह से उनपर महंगी बोली लग सकती है। लेकिन इससे पहले टीम के प्रमुख बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने ग्रीन को चेतावनी दी है। ग्रीन ने सितंबर में ऑस्ट्रेलिया के भारत के टी20 दौरे में 214.54 की स्ट्राइक रेट से दो शानदार अर्धशतक जड़े थे। आईपीएल 2023 से पहले, कैमरून ग्रीन वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के घरेलू टेस्ट में खेलेंगे। अगले साल चार टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया टीम के साथ भारत आने से पहले, वह अपने बीबीएल भी खेल सकते हैं। इसके बाद तीन वनडे मैच होंगे। आईपीएल खत्म होने के बाद ऑस्ट्रेलिया एशेज सीरीज के लिए इंग्लैंड जाएगा। अगर वे विश्व टेस्ट चौंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाते हैं तो यह छह मैच हो सकते हैं।

## न्यूज डायरी



### जूते-कपड़े साफ कराने से मालिस तक..नौकर जैसा व्यवहार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कराची। तेज गेंदबाज वसीम अकरम ने चौंकाने वाला खुलासा करते हुए पाकिस्तान टीम के अपने पूर्व साथी सलीम मलिक पर अपने करियर के शुरुआती दौर में नौकर की तरह व्यवहार करने का आरोप लगाया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 1984 में पदार्पण करने वाले अकरम ने कहा कि टीम के सीनियर साथी मलिक ने उनसे मालिश कराई और उनसे कपड़े तथा जूते साफ कराए। अकरम ने यह खुलासा अपनी आत्मकथा 'सुल्तानः एक संस्मरण' में किया है। आत्मकथा में किए गए खुलासे के अनुसार, 'वह मेरे जूनियर होने का फायदा उठाता था। वह नकारात्मक, स्वार्थी था और मेरे साथ एक नौकर की तरह व्यवहार करता था। उसने मांग की कि मैं उसकी मालिश करूं, उसने मुझे अपने कपड़े और जूते साफ करने का आदेश दिया।' इसके अनुसार, 'मैं गुस्से में था जब रमीज, ताहिर, मोहसिन, शोएब मोहम्मद जैसे टीम के कुछ युवा सदस्यों ने मुझे नाइट क्लबों में आमंत्रित किया।' अकरम 1992 से 1995 तक मलिक की कप्तानी में खेले और ऐसी खबरें थीं कि दोनों खिलाड़ियों के संबंध अच्छे नहीं थे।

### मैनचेस्टर यूनाइटेड से करार टूटने के बाद रोनाल्डो को मिला बंपर ऑफर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लिस्बन (पुर्तगाल)। पुर्तगाल के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो फीफा वर्ल्ड कप में खेल रहे हैं। लेकिन टूर्नामेंट शुरू होने के साथ ही उनके लिए बुरी खबर आ गई थी। उनके क्लब मैनचेस्टर यूनाइटेड ने रोनाल्डो के साथ करार समाप्त करने की घोषणा कर दी थी। रोनाल्डो पिछले साल ही इटेलियन क्लब युवेंट्स को छोड़कर इंग्लिश क्लब मैनचेस्टर यूनाइटेड से जुड़े थे। लेकिन एक इंटरव्यू में उन्होंने क्लब के खिलाफ कई बड़े बयान दिए। जिसके बाद क्लब ने उनके साथ अपना करार समाप्त कर दिया। क्रिस्टियानो रोनाल्डो को सऊदी अरब के क्लब ने बड़ा ऑफर दिया है। अल-नासर एफसी ने रोनाल्डो को तीन साल के कॉन्ट्रैक्ट का ऑफर दिया है। इसके लिए क्लब ने रोनाल्डो को 1837 करोड़ रुपये देने की पेशकश की है। अब रोनाल्डो को यह फैसला करना है कि वह क्लब के साथ जुड़ना चाहते हैं या नहीं। उनके पास यह ऑफर फीफा वर्ल्ड कप के बाद तक रहेगा।

### राजस्थान रॉयल्स के युवा बल्लेबाज का तूफानी खेल जारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अहमदाबाद। रियान पराग के 116 गेंद में 174 रन की मदद से असम ने जीत के लिये 46.1 ओवर में 351 रन का लक्ष्य हासिल करके विजय हजारे ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल में जम्मू कश्मीर को हरा दिया। पराग ने अपनी पारी में 12 छक्के और 12 चौके लगाये जिसकी मदद से असम ने सात विकेट से मैच जीता। जम्मू कश्मीर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 350 रन बनाये जिसमें हेनान नजीर ने 113 गेंद में 124 रन बनाये। शुभम खजूरिया ने 84 गेंद में 120 रन की पारी खेली। असम ने जवाब में दो विकेट 45 रन पर गंवा दिये थे लेकिन पराग और रिषव दास ने पारी को संभाला। दास ने 118 गेंद में 114 रन बनाये। पराग और दास ने 277 रन की साझेदारी की। यह हजारे ट्रॉफी के इस सत्र में पराग का तीसरा शतक था। पराग उस समय आउट हो गए जब टीम लक्ष्य से 29 रन पीछे थी लेकिन दास ने 23 गेंद बाकी रहते उसे जीत तक पहुंचाया। सेमीफाइनल में टीम का सामना महाराष्ट्र से होगा।

### मेसी पर आगबबूला हुआ मेक्सिको का चैंपियन बॉक्सर, सरेआम दी धमकी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दोहा। कतर में फीफा वर्ल्ड कप खेला जा रहा है और पूरी दुनिया पर इसका खुमार है। टूर्नामेंट में एक बार फिर सबसे ज्यादा चर्चा में क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लियोनेल मेसी हैं। दुनिया के सबसे बड़े खिलाड़ियों में गिने जाने वाले मेसी और रोनाल्डो का यह आखिरी वर्ल्ड कप भी माना जा रहा है। मेक्सिको के खिलाफ मुकाबले में मेसी ने गोल और फिर असिस्ट किया। इसकी मदद से उनकी टीम ने मुकाबले को 2-0 से जीत लिया। इस मुकाबले के बाद लियोनेल मेसी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। यह वीडियो ड्रेसिंग रूम का था। जश्न के दौरान अपना जूता उतारने की कोशिश में, ऐसा लग रहा है कि मेसी ने वहां पड़ी मेक्सिको की जर्सी को पैर मार दिया। इससे कई मेक्सिकन फैंस नाराज हो गए हैं।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### एनएसयूआई ने डीएवी से निकाली भारत जोड़ो यात्रा

**संवाददाता** देहरादून। एनएसयूआई ने मंगलवार को डीएवी पीजी कॉलेज से करनपुर तक भारत जोड़ो यात्रा निकाली। इसमें कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा भी शामिल हुए। दोपहर में बड़ी संख्या में एनएसयूआई कार्यकर्ता प्रदेश महासचिव हिमांशु रावत के नेतृत्व में डीएवी कालेज में जमा हुए। जिसके बाद वे रैली के रूप में करनपुर बाजार से होते सर्वे चौक तक गए। इस दौरान हिमांशु रावत ने आरोप लगाया कि भाजपा देश भर में वोटों के लिए लोगों को बांटने और आपस में नफरत फैलाने का काम कर रही है।

### दो दिसंबर को रिलीज होगी गढ़वाली फिल्म मेरु गौं

**संवाददाता** देहरादून। गंगोत्री फिल्म्स की गढ़वाली फिल्म मेरू गौं दो दिसंबर को रिलीज हो जाएगी। फिल्म पहाड़ से पलायन, राजधानी, परिसीमन आदि मुद्दों पर केंद्रित है। देहरादून में मंगलवार को तिब्बती मार्केट के समीप हुई प्रेसवार्ता में निर्माता राकेश गौड़ ने बताया कि फिल्म के जरिए पहाड़ की समस्याओं को लोगों तक पहुंचाने की कोशिश की गई है। गीत लोकगायक नरेंद्र सिंह नेगी और जितेंद्र पंवार ने गाए हैं, जबकि संगीत संजय कुमोला ने दिया है। बताया कि फिल्म की शूटिंग गढ़वाल के कई गांवों में की गई है, जो 35 दिन में पूरी हुई। वरिष्ठ अभिनेता मदन डुकलान ने बताया कि फिल्म उत्तराखंड सिनेमा को दोबारा जीवित करने की कोशिश भी है।

### सेंट गोबेन इंडिया ने किया माईहोम' स्टोर का अनावरण

**संवाददाता** देहरादून। सेंट गोबेन "विश्व को एक बेहतर घर बनाने" के अपने उद्देश्य पर केंद्रित लाईट एवं सस्टेनेबल कंस्ट्रक्शन के क्षेत्र में विश्व की अग्रणी कंपनी है। भारत में 1.35 बिलियन लोग रहते हैं। यहाँ पर वर्तमान में शहरीकरण का स्तर 32 प्रतिशत है। इसलिए हमें आने वाले सालों में सैकड़ों और हजारों घर बनाने की जरूरत होगी। महामारी ने घरों को हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण केंद्र बना दिया क्योंकि हम अपने घरों से की काम करने लगे और पढ़ाई करने लगे।

### अशोक लीलैंड ने हरिद्वार में डीलरशिप का उद्घाटन किया

**संवाददाता** देहरादून। हिंदुजा समूह की प्रमुख कंपनी और भारत के अग्रणी वाणिज्यिक वाहन निर्माता अशोक लीलैंड ने आज हरिद्वार में एक नई 3एस (बिक्री‌सेवाध्स्पेयर्स) डीलरशिप, यशोधा ट्रांसमोबिलिटी का उद्घाटन किया, जो एमएंडएचसीवी सेगमेंट की जरूरतों को पूरा करेगा। 30,000 वर्ग फीट में फैला, यह व्हील एलाइनमेंट सहित नवीनतम बीएस6 सुविधाओं के साथ 6 बे प्रदान करता है।

# 80 हजार से ज्यादा वाहनों के थमे पहिए

**चक्का जाम**

■ ट्रांसपोर्टरों का प्रदेशव्यापी चक्का जाम, यात्री परेशान

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड में मंगलवार को 80 हजार से ज्यादा विक्रम, ऑटो, बस और ट्रकों के पहिये थमने से परेशानी खड़ी हो गई। ऑटोमेटेड फिटनेस सेंटर की अनिवार्यता और देहरादून, हरिद्वार जिले में दस साल से पुराने विक्रम, ऑटो बंद करने के विरोध में वाहन स्वामियों ने प्रदेशभर में चक्काजाम किया है। गढ़वाल और कुमाऊं की करीब 20 अलग–अलग यूनियनें इस चक्काजाम में शामिल हुईं। इसका खासा असर देहरादून, हरिद्वार, नैनीताल और ऊधमसिंह नगर जिले में देखने को मिला।

वहीं, ऑटो और बस यूनियनों के वाहन चालक देहरादून के बन्नू स्कूल में एकत्रित हुए जहां से उन्होंने विधानसभा कूच किया। इस दौरान बड़ी संख्या में वाहन स्वामी देहरादून पहुंचे। इस दौरान उन्हें पुलिस ने बेरिकेडिंग लगाकर रोक दिया गया। जिसके बाद वे वहीं सड़क पर धरने पर बैठ गए। वे हाथों में कटोरा लेकर विधानसभा घेराव करने निकले।





इस दौरान वाहन न चलने से लोग सड़कों पर भटकते दिखे। सिटी बस सेवा महासंघ के अध्यक्ष विजयवर्धन डंडरियाल ने कहा कि आरटीए ने केंद्र के नियमों के विपरीत डीजल वाहनों पर प्रतिबंध का निर्णय लिया है। वहीं, परिवहन विभाग ने डोईवाला के ऑटोमेटेड फिटनेस सेंटर में गलत तरीके से वाहनों की फिटनेस अनिवार्य की है। इस पर उनका खुला विरोध है। मंगलवार को संभागीय परिवहन प्राधिकरण की ओर से 10 वर्ष की आयु सीमा पूर्ण कर चुके डीजल चालित तिपहिया वाहनों को सड़कों से हटाने के आदेश के खिलाफ स्वैच्छिक चक्का जाम का एलान किया गया है। देहरादून और ऋषिकेश में चक्का जाम का मिलाजुला असर देखा गया। वहीं टैक्सी और तिपहिया वाहनों की हड़ताल के कारण यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। यहां टैक्सी, मैक्सी और तिपहिया सेवाएं पूरी तरह बंद रहीं। पर्वतीय क्षेत्र में संचालित होने वाली बस सेवाएं जारी रहीं। बड़ी संख्या में वाहन चालक और स्वामी विधानसभा घेराव के लिए यहां से राजधानी दून के लिए रवाना हुए।

**वाहनों का चक्का जाम और विधानसभा घेराव का निर्णयः** उत्तराखंड परिवहन महासंघ के आह्वान पर राज्य परिवहन प्राधिकरण के संबंधित आदेश के खिलाफ मंगलवार को वाहनों का चक्का जाम और विधानसभा घेराव का निर्णय लिया गया था। ऋषिकेश क्षेत्र में गढ़वाल मंडल के विभिन्न मार्गों पर संचालित होने वाली बस सेवाएं इस चक्का जाम में शामिल नहीं है। टैक्सी और मैक्सी सेवाएं बंद रखी गई हैं।

**स्थानीय नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ा**

विक्रम और ऑटो सेवाएं भी बंद हैं। चारधाम यात्रा बस अड्डे से वाहन स्वामी और चालकों ने विधानसभा घेराव के लिए देहरादून के लिए कूच किया। इससे पूर्व ऑटो रिक्शा यूनियन के अध्यक्ष राजेंद्र लांबा और सचिव बेचन गुप्ता के नेतृत्व में चालकों ने यहां प्रदर्शन किया। ऋषिकेश और आसपास क्षेत्र में तिपहिया सेवाएं बंद होने से स्थानीय नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**विधानसभा घेराव की चेतावनी** वहीं दून, ऋषिकेश, हरिद्वार, रुड़की व विकासनगर में डीजल चालित आटो–विक्रम पर प्रतिबंध के विरोध में वाहन संचालकों ने 29 नवंबर को विधानसभा घेराव की चेतावनी दी है।

बता दें कि सोमवार को विक्रम, ऑटो, सिटी बस यूनियनों के पदाधिकारियों की परिवहन मंत्री चंदन रामदास के आवास पर सचिव अरविंद सिंह ह्यांकी से करीब दो घंटे चली वार्ता विफल हो गई थी। इसके बाद परिवहन सचिव ने सभी जिलों के डीएम, एसएसपी, आरटीओ, एआरटीओ को पत्र भेजकर चक्काजाम होने पर वैकल्पिक व्यवस्था बनाने को कहा था।

# जनमानस को जागरूक करने के लिए प्रचार–प्रसार भी करें

**निर्देश**

■डीएम ने अपर जिलाधिकारी को निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन कराने की दिए निर्देश

**संवाददाता**

देहरादून। उच्च न्यायालय, नैनीताल उत्तराखण्ड मे योजित पीआईएल जितेन्द्र यादव बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया एवं अन्य में पारित आदेश 24 नवम्बर 2022 के अनुपालन में जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका द्वारा अपर जिलाधिकारी को निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन कराने की दिशा निर्देश दिए। जिसके क्रम में अपर जिलाधिकारी के.के.मिश्रा के अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में एक बैठक आहूत की गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेशों के क्रम में सभी सेक्टर अधिकारियों को आदेशित किया कि वह अपने–2 क्षेत्रान्तर्गत सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्ण से प्रतिबंध लगायें तथा जनमानस को जागरूक करने हेतु प्रचार–प्रसार भी करें। साथ ही उल्लंघन किये जाने पर चालान की कार्यवाही भी करना सुनिश्चित करें।



उन्होंने प्लास्टिंग वेस्ट मैनजमेंट रूल 2018 में वर्णित प्राविधानों का कड़ाई से पालन कराये जाने हेतु महाप्रबंधक उद्योग देहरादून एवं क्षेत्रीय अधिकारी (प्र0) उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को आदेशित किया गया।

बैठक में पुलिस अधीक्षक (अपराध) मिथिलेश, क्षेत्रीय अधिकारी (प्र0) उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी विकासनगर, अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत देहरादून जिला पंचायत राज अधिकारी देहरादून, अधिशासी अधिकारी (विकासनगर सेलाकुई, हरबर्टपुर उपस्थित रहे एवं इसके अतिरिक्त सभी सैक्टर अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े रहे।

# गुच्चू पानी में ई-रिक्शा चालक की हत्या, पुलिस जांच में जुटी

**संवाददाता** देहरादून। देहरादून के प्रसिद्ध पिकनिक स्पॉट गुच्चू पानी में मंगलवार को एक युवक की हत्या हो गई। युवक ई–रिक्शा चलाता था। एसएसपी दलीप सिंह कुंवर ने बताया कि युवक सोमवार से लापता था। युवक की पहचान मोहसिन निवासी मेंहुवाला के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि सोमवार को तीन युवक मोहसिन की ई–रिक्शा बुक कर अपने साथ ले गए थे। मोहसिन की ई–रिक्शा गुच्चू पानी तिराहे पर खड़ी हुई थी। परिजन ही उसे ढूंढते हुए शव तक पहुंचे थे। मोहसिन के सिर पर चोट के निशान हैं। शव के आस–पास खाने पीने की चीजें भी पड़ी हुई थीं। शराब की बोतल भी वहीं पर रखी मिली। हत्या किसी पत्थर से वार कर की गई है। मोहसिन का शव भी झाड़ियों के पास पत्थरों में पड़ा मिला है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून
ही मान्य होगा।